दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 03 अक्टूबर-2024 ● वर्ष : 8 अंक : 356 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## शुभकामनाएं





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल के जन्मदिन पर दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता तथा समाचार संपादक दीपक भाटी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने भी मेयर सुनीता दयाल को जन्मदिन की शुभ कामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ और लंबी आयु की कामना की।

# दो दिन में सीएम आवास खाली करेंगे अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** हाल ही में जंतर मंतर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मैं जैसे ही नवरात्र आएंगे मैं घर छोड़ दूंगा। कुछ दिन में मैं मुख्यमंत्री आवास खाली कर दूंगा। केजरीवाल के लिए नए घर की तलाश खत्म हो गई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए नए घर की तलाश खत्म हो गई है। वह एक-दो दिन में सीएम आवास खाली कर देंगे। आम आदमी पार्टी से




जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अरविंद केजरीवाल के लिए घर फाइनल कर लिया गया है। अरविंद केजरीवाल परिवार के साथ नई दिल्ली विधानसभा में रहेंगे।

### 'मैं जल्द सीएम आवास खाली कर दूंगा'

हाल ही में जंतर मंतर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मैं जैसे ही नवरात्र आएंगे मैं घर छोड़ दूंगा। कुछ दिन में मैं मुख्यमंत्री आवास खाली कर दूंगा, आज दिल्ली में मेरे पास रहने के लिए घर भी नहीं है। मैंने दस साल में केवल आपका आशीर्वाद कमाया है। सीएम बनने के 10 साल बाद भी दिल्ली में उनका अपना एक भी घर नहीं है।

### 17 सितंबर को दिया था सीएम पद से इस्तीफा

अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने की घोषणा करते हुए कहा था कि वे तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।

# क्यों गूंज रहा है भगवा गढ़ में भगवा दीदी के नाम पर नब्ज टटोलने का किस्सा
## दे सकता है ये नाम भी दावेदारी में धीरे से जोर का झटका!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में कुछ भी हवा में नहीं होता और हवा ही चुनाव को बनाती है। भगवा गढ़ में उपचुनाव होना है और शहर वाली सीट के विधायक अब लोकसभा के सांसद हो गए हैं और उनके सांसद बनने के बाद अब यहां किसी को विधायक बनने का मौका मिलेगा। दावेदारी का सबसे बड़ा बूम भाजपा में है। कांग्रेस में जहां अब तक 15 दावेदार टिकट मांगने के लिये आगे आए हैं वहीं बसपा में पर्चा भरने से पहले उम्मीदवार का टिकट कट गया और कांग्रेस में अभी नाम आना बाकी है। समाजवादी पार्टी यहां सहयोगी रोल में है लिहाजा दावेदारी नहीं है।

आजाद समाज पार्टी ने सतपाल चौधरी को उतारा है। इन सबके बीच अगर सियासी हलचल कही है तो भाजपा में है। यहां दावेदारों को पूरा मेला है और सबसे बड़ी बात ये है कि अभी वो दावेदार पर्दे के पीछे हैं जो खेल को पलट देने की क्षमता रखते हैं। भाजपा ने सियासत वाली पिच पर भैया जी और दीदी का भी जलवा रहता है। शहर वाली सीट पर जिस नाम को लेकर नब्ज टटोली गई है उस नाम का किस्सा भगवा फिजाओं में घूम रहा है। सूत्र बताते हैं कि भगवा दीदी के नाम पर सियासत की नब्ज टटोली जा रही है। खुलकर कुछ नहीं है लेकिन मामला गंभीर बताया जाता है। क्योंकि जिन भगवा दीदी के प्रोफाइल को लेकर देवतुल्यों की नब्ज टटोली जा रही है उन भगवा दीदी का कद बड़ा बताया जाता है।

सूत्र बताते हैं कि ये नाम अचानक से उभरकर सामने आया है। सूत्रों की मानें तो खूफिया एजेंसियों ने भी इस नाम को लेकर फीडबैक जुटाई है। फूल वाले विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि कुछ तो करंट है क्योंकि ऐसे ही तो ये नाम जबान पर नहीं आया है। भगवा दीदी को लेकर क्यों ये जानकारी जुटाई जा रही है। सूत्र बता रहे हैं कि ये नाम यहां जोर का झटका धीरे से दे सकता है और अगर ऐसा हो जाए तो हैरान होने वाली कोई बात नहीं होगी। क्योंकि इस नाम को लेकर जो जानकारियों ली गई है वो सीधे-सीधे चुनावी इंडिकेशन लिये हुए है। भगवा दीदी का नाम ऐसे ही सामने नहीं आया है और यहां अलर्ट होने की बेला है।



# भाजपा और कांग्रेस वाले हरियाणा चुनाव में कर रहे हैं अपनी-अपनी जीत का दावा

## कांग्रेस नेता बोले बीजेपी की नहीं आएगी सरकार, भाजपा वाले बोले मोदी जी लगा रहे हैं जीत की हैट्रिक

## 8 अक्टूबर को आएगा हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम




गाजियाबाद, करंट क्राइम। हरियाणा में विधानसभा चुनाव चल रहा है और 90 सीटों पर चुनाव होना है। भारतीय जनता पार्टी से लेकर कांग्रेस के कई प्रमुख नेता हरियाणा में अपनी पार्टी के पक्ष में प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। तो वोट भी मांगे जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद के नेताओं का दावा है कि हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ आएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मैजिक नजर आएगा और यहां भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी। दूसरी तरह कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरियाणा में लोगों का विरोध देखने को मिल रहा है। प्रत्याशियों को किसान इलाकों में जाने नहीं दे रहे हैं और दिल्ली-गाजियाबाद के बॉर्डर पर जो किसान आंदोलन चला था, उसमें भी हरियाणा के किसानों ने जबरदस्त विरोध किया था। उसका नतीजा इस चुनाव में नजर आएगा। दैनिक करंट क्राइम ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के प्रमुख स्थानीय नेताओं से बातचीत की और जाना कि हरियाणा चुनाव के परिणामों को लेकर उनकी क्या राय है। प्रस्तुत है दोनों ही पार्टी के प्रमुख नेताओं से की गई बातचीत के आधार पर उनकी राय।

### हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बनेगी भाजपा की सरकार: सुनील शर्मा



चुनावी सर्वे, संभावनाओं के बीच कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से करंट क्राइम ने बात की। उन्होंने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों को लेकर कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। विभिन्न एजेंसियों के अनुमान को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि जब मतगणना होगी तो सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा। उन्होंने कहा कि केवल हरियाणा और जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में जिन दस सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। उन सभी सीटों पर भाजपा चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा जनता की पहली पसंद बनकर सामने आएगी।

### हरियाणा की जनता का पूरा विश्वास भाजपा सरकार में: दिनेश गोयल



एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि हरियाणा में भाजपा चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि अनुमान गलत साबित होंगे और शुरू में हरियाणा के लोग कांग्रेस के झूठे भ्रम में आए थे, लेकिन अब लोग समझ चुके हैं कि भाजपा ही स्थिर सरकार दे सकती है। हरियाणा के लोग भाजपा के साथ हैं और भाजपा चुनाव जीतने जा रही है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है भाजपा: अशु वर्मा



पूर्व मेयर अशु वर्मा ने हरियाणा चुनावों को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी और पहले से भी ज्यादा सीटें जीतकर भाजपा सरकार बना रही है। सर्वे में कांग्रेस का पलड़ा भारी दिखाए जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पलड़ा तो मध्यप्रदेश चुनाव में भी भारी दिखाया जा रहा था। कांग्रेस का तो राजस्थान चुनावों भी भारी दिखाया जा रहा था और यही पलड़ा छत्तीसगढ़ में भी भारी दिखाया जा रहा था, लेकिन इन तीनों ही राज्यों में भाजपा चुनाव जीती। अशु वर्मा ने कहा कि कांग्रेस का पलड़ा चुनाव के शुरू में भारी रहता है और फिर वो धीरे-धीरे खाली हो जाता है। अशु वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाएगी।

### हरियाणा में कांग्रेस का हाथ हो रहा है मजबूत, भूपेंद्र हुड्डा होंगे सीएम : डॉली शर्मा



**करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता डॉली शर्मा का कहना है कि हरियाणा में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस की लहर है 10 साल के कुशासन से जनता परेशान है। भाजपा ने यहां कुछ नहीं किया है। अमित शाह हरियाणा के लोगों से इतना डरे हुए हैं कि वह यहां चुनाव प्रचार में भी ताकत नहीं दिख रहे हैं। जिस प्रकार से भूपेंद्र हुड्डा और कांग्रेस के नेताओं ने हरियाणा के लोगों के लिए काम किया है, वह उनकी चिंता करते हैं और कांग्रेस का जो विजन है उसका असर हरियाणा के चुनाव में साफ नजर आएगा। डॉली शर्मा का कहना है कि 8 अक्टूबर को जब हरियाणा चुनाव की मतगणना होगी, तो इसमें कांग्रेस के सभी विधायक भारी मतों से जीतकर भाजपा के शासन को खत्म करते हुए, कांग्रेस को यहां सरकार के रूप में नया स्थान मिलेगा।

### हरियाणा में भाजपा मुक्त होगा जनादेश, कांग्रेस की होगी ऐतिहासिक जीत: बिजेंद्र यादव



**करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र यादव का कहना है कि हरियाणा भाजपा मुक्त होने जा रहा है। जिस तरीके से मीडिया रिपोर्ट्स और सभी वर्गों के फैसला नजर आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक सरकार बनने जा रही है। 8 अक्टूबर को चुनाव परिणाम बताएगा कि जनता ने हरियाणा के विकास और प्रगति के लिए कांग्रेस पार्टी को चुनने का काम किया है। राहुल गांधी हरियाणा को अपने नाम करने का काम करने जा रहे हैं।

### पूर्ण बहुमत से आएगी हरियाणा में कांग्रेस की सरकार : विजय चौधरी



**करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी का कहना है कि जिस तरीके से किसानों ने दिल्ली-गाजियाबाद के बॉर्डर पर भाजपा से नाराज होकर डेढ़ साल तक प्रदर्शन किया था, उसका असर इस चुनाव में दिखाई देगा। विजय चौधरी ने कहा है कि हरियाणा में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार आएगी। बीजेपी का ग्राफ लगातार गिर रहा है। भाजपा के प्रत्याशियों को स्थानीय लोग और गांव वाले वोट मांगने के लिए एंट्री तक नहीं दे रहे हैं। जिस तरीके का माहौल बना है, उससे स्पष्ट नजर आ रहा है कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

### हरियाणा में किसान, नौजवान और पहलवान सब भाजपा से परेशान : नरेंद्र राठी



**करंट क्राइम।** कांग्रेस नेता नरेंद्र राठी का कहना है कि हरियाणा का चुनाव इस बार बेहद दिलचस्प होगा। कांग्रेस पार्टी यहां राहुल गांधी और भूपेंद्र हुड्डा को लेकर चल रही है, यहां की जनता परिवर्तन चाहती है। इसके साथ ही हरियाणा का किसान, पहलवान, नौजवान परेशान है, यहां रोजगार के लिए भी बहुत संघर्ष देखने को मिल रहा है। साथ ही उन पर अत्याचार, लाठीचार और अग्नि वीर जैसी योजनाओं के द्वारा जिस तरीके से हरियाणा के जवानों और युवाओं को ठगने का काम किया है। जनता इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाएगी। 8 अक्टूबर को चुनाव परिणाम कांग्रेस पार्टी के हक में आएंगे। कांग्रेस पार्टी की सरकार हरियाणा में बनने जा रही है।

**हरियाणा में विधानसभा चुनाव चल रहा है और 90 सीटों पर चुनाव होना है। भारतीय जनता पार्टी से लेकर कांग्रेस के कई प्रमुख नेता हरियाणा में अपनी पार्टी के पक्ष में प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। तो वोट भी मांगे जा रहे हैं।**

## मोदी और खट्टर के नेतृत्व का हरियाणा में दिखेगा असर

### तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार : प्रशांत चौधरी



**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का कहना है कि हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर जी का काम किसी से छुपा नहीं है। भाजपा यहां पूर्ण बहुमत के साथ 8 अक्टूबर को सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा चुनाव में भाजपा और मोदी जी की जीत की हैट्रिक लगने वाली है। हरियाणा का फैसला बताएगा कि भारतीय जनता पार्टी जनता की पहली पसंद बनी हुई है। भाजपा की हरियाणी में जीत होने जा रही है।

### हरियाणा में लगेगी भाजपा की जीत की हैट्रिक : संजीव शर्मा



**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरीके से हरियाणा की जनता भाजपा का साथ दे रही है। इसका परिणाम 8 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार के रूप में देखने को मिलेगा। भाजपा यहां जीत की हैट्रिक लगाएगी। लगातार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हरियाणा का दौरा कर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी का कमल वहां पिछली बार की तरह इस बार भी खिलाने जा रहा है।

### मोदी का मैजिक हरियाणा में भी जारी रहेगा : अजय शर्मा



**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा का कहना है कि जिस तरीके से हरियाणा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मैजिक चल रहा है, वह परिणाम में भी नजर आएगा। उन्होंने कहा है कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। यहां की जनता खट्टर और अब सैनी जी के नेतृत्व में खुशहाल है और भाजपा नेतृत्व हरियाणा को विकास के पद पर ला चुका है। इसका परिणाम भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में रहेगा।

# दुबई के स्विस होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए







करंट क्राइम। महात्मा गांधी की 155वी जयंती पर भारतीय उद्योगपति रिजवान आदित्य द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी द्वारा अहिंसा परमो धर्म की विचारधारा पर भी चर्चा की गई।

# महात्मा गांधी की जयंती पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने स्वच्छता अभियान चलाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर महानगर गाजियाबाद में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी श्रृंखला में प्रातः 10 बजे गांधी पार्क मे सघन सफाई अभियान चलाया गया। इसी दौरान स्वच्छता अभियान में पहुंचे केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, योगी सरकार के केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी ने पार्क में स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति की साफ सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा सघन स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर महानगर पदाधिकारी, मण्डल,मोर्चा सहित बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में सम्मिलित रहे।

इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, विजय मोहन, सरदार एसपी सिंह, महेश अग्रवाल, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, पवन गोयल, अशोक मोंगा अनिल स्वामी, वीरेश्वर त्यागी, महामंत्री सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, रनिता सिंह, संदीप त्यागी, कुलदीप त्यागी, संजीव झा, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, अमित प्रताप, करण शर्मा, वीरेंद्र सारस्वत आदि मौजूद रहे।

**पार्क में स्थित गांधीजी की प्रतिमा को भी साफ-सुथरा किया**







### महात्मा गांधी का जन्मदिवस एक राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाएं : बीएल वर्मा

**करंट क्राइम।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी का जन्मदिवस हम आज राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी आज के दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस घोषित कर रखा है। उन्होंने सत्य-अहिंसा के पथ पर चलकर देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण निर्णायक योगदान दिया। महात्मा गांधी ने कहा था कि अहिंसा सबसे बड़ा कर्तव्य है यदि हम इसका पालन नहीं कर सकते हैं तो हमें इस की भावना को अवश्य समझना चाहिए। जहां तक संभव हो तो हिंसा से दूर रहकर मानवता का पालन करना चाहिए।

### पूरी दुनिया में महात्मा गांधी जयंती को अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है : सुनील शर्मा

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में बड़े जोश, परिश्रम और समर्पण के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने एक पर्व के रूप में मनाया। आज स्वच्छता अभियान के तहत गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती की पावन बेला पर महापुरुषों की प्रतिमा की साफ सफाई कर स्वच्छ भारत दिवस मनाया जा रहा है। संजीव शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी को याद कर हम सभी को उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लेना है, उनके बलिदान और अहिंसा की नीति के कारण पूरी दुनिया इस खास दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाती है। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कार्यक्रम का समापन किया।

## जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, कार्यालय, गाजियाबाद में जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता/नेतृत्व में शासनादेश के अनुसार महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी। जयंती कार्यक्रम से पूर्व जिला सूचना अधिकारी द्वारा समस्त स्टाफ के साथ कार्यालय व कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर सफाई की गई।

तदुपरांत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए गये। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि गांधीजी सबसे प्रासंगिक व्यक्ति हैं। गांधीजी ने कहा था कि दुनिया की किसी भी समस्या का हल युद्ध से नहीं बल्कि अहिंसावादी सोच से किया जा सकता है। इस अवसर पर सुरेश चन्द्र आर्य, मौहम्मद इदरीश खान, राकेश कुमार, धनसिंह, नरेश वर्मा, रवि कुमार व करन उपस्थित रहे।

## महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में गर्ल ओपन वालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में समाधान शक्ति सामाजिक संस्था एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत समाधान शक्ति सामाजिक संस्था अध्यक्ष लेखराज छावड़ी एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना द्वारा बी ब्लॉक चंद्रशेखर पार्क मे निशुल्क गर्ल ओपन वालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, लेखराज छावड़ी, शैलेन्द्र सक्सेना द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर राज शर्मा, जुगल किशोर, राजेश चावला, सुरेंद्र जैन, ज्योत्सना गौतम, सुखविंदर सिंह उपस्थित रहे। समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के स्पोर्ट्स हेड संदीप नागर, राजकुमार यादव, पंकज चावला, जतिन पंडित, गौरव नागर, अलाउद्दीन चौधरी, महक सिंह, अभिमन्यु अभिषेक का सहयोग रहा। इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद प्रवीण भाटी, पार्षद रामनिवास बंसल, पार्षद मदन राय, डी एन कॉल, मीडिया प्रभारी प्रतीक माथुर, केशव सक्सेना, भूपेंद्र गोस्वामी, अनिल शर्मा, हरमीत बक्शी, भूषण लाल, प्रेम त्यागी, सौरभ सक्सेना, राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष बालकृष्ण गुप्ता, प्रदीप चौधरी, अशोक भारतीय, सौरभ यादव, सतीश राजपूत, शैंकी वोहरा, सुधांशु राजवंशी, जयवीर पाल, राजेश ओबेरॉय, सुमित खुराना, दिनेश माथुर, सुमन सती, निशा चौहान, अनीता राणा, मुनेश कसाना, रूप मुखर्जी, ममता झा आदि अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## ज्ञानपीठ केन्द्र पर मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जयंती




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरूप पार्क जीटी रोड साहिबाबाद के प्रांगण में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जयंती समारोह आयोजित किया गया। इंजीनिजर धीरेन्द्र यादव ने किया आयोजन। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 विशन लाल गौड़ पूर्व प्राचार्य, मुख्य अतिथि कर्नल आर0 एल0 राम रहे, संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्र ने किया, समाजवादी चिन्तक, शिक्षाविद राम दुलार यादव मुख्य वक्ता भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

कार्यक्रम को शिक्षाविद राम दुलार यादव, चन्द्रबली मौर्य, एस0 एस0 प्रसाद, अर्जुन सिंह यादव, के0 सी0 शास्त्री, प्रो0 विश्नाथ महेश्वरी, प्रो0 अनिल कुमार, प्रो0 विनय कुमार ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि राम लाल पूर्व कर्नल ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल रहे, राम दुलार यादव, विशन लाल गौड़, पूर्व कर्नल अर्जुन सिंह यादव, पूर्व कर्नल आर0 एल0 राम, सूरज भान यादव, वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, डा0 देवकर्ण चौहान, सम्राट यादव, सूर्यनाथ सुमन, चिंतामणि यादव, मुनीव यादव, इंजी0 धीरेन्द्र यादव, अमृतलाल चौरसिया, कृष्णा यादव, राम खेलावन यादव, राजपाल सिंह, के0 के0 दीक्षित, अंकुर यादव एडवोकेट, यासीन हुसैन, बलिराम सिंह, श्री निवास यादव, एस0 के0 अग्रवाल, चन्द्रबली मौर्य, शैलेन्द्र कुमार, शिशिर यादव, लक्ष्मी नारायण सहगल, नन्दन कुमार, महेन्द्र यादव, के0 सी0 शास्त्री, प्रो0 विनय कुमार, अंशु ठाकुर, गुड्डु यादव, देवमन यादव, विश्वनाथ यादव , एस0 एन0 जायसवाल, प्रो0 विश्नाथ महेश्वरी, प्रो0 अनिल कुमार, भक्ति यादव, अमर बहादुर, हाजी मोहम्मद सलाम, गगनभेदी नारे के साथ हुकुम सिंह, कृष्णा यादव, राजेन्द्र सिंह ने देश-प्रेम के गीत और भजन सुना सभी को आत्मविभोर कर दिया।

## सिटी जोन में बदले गए 14 टू -स्टार

## किसी को भेजा गया चौकी और किसी को करना पड़ेगा इंतजार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सिटी जोन में 14 उप निरीक्षकों को नवरात्रि से पहले ही गिफ्ट मिल गया है। कई को चौकी का प्रभार मिला है तो कई को थाने से अटैच कर दिया गया है। साथ ही सिटी जोन के अंतर्गत आने वाली सेक्टर-23 पिंक बूथ की प्रभारी को भी हटाया गया है। इसके साथ ही बीते दिनों बजरिया इलाके में होटलों में देह व्यापार संचालित होने के बाद वहां के चौकी चौकी प्रभारी को विजय नगर थाने से अटैच कर दिया गया है। कुल मिलाकर 14 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। यह आदेश डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार के निर्देश पर किया गया है।

### इनको मिली नई जिम्मेदारी

**करंट क्राइम ।** थाना कोतवाली के उप निरीक्षक राहुल दीक्षित को चौकी प्रभारी कैला भट्टा थाना घंटाघर कोतवाली बनाया गया है। तो उप निरीक्षक अरुण कुमार को नगर जोन से नगर कोतवाली थाने में भेजा गया है। उप निरीक्षक शिशुपाल सोलंकी को विजयनगर थाने से चौकी प्रभारी बजरिया थाना कोतवाली बनाया गया है। सौरभ कुमार को चौकी प्रभारी बजरिया घंटाघर कोतवाली से थाना विजयनगर भेजा गया है। इसी के साथ उपनिरीक्षक विकास कुमार को थाना कवि नगर, इकराम खान को थाना मधुबन बापूधाम, अजय मलिक को थाना नंदग्राम ,रवि कुमार को थाना सिहानी गेट ,संदीप कुमार को थाना घंटाघर कोतवाली, अथर चौधरी को थाना विजयनगर ,महिला उपनिरीक्षक आशु को थाना सिहानी गेट, प्रीति को नगर जोन से चौकी प्रभारी सेक्टर-23 पिंक बूथ संजय नगर मधुबन बापूधाम थाने का पिंक बूथ प्रभारी बनाया गया है। वहीं रूबी को थाना नंदग्राम पर पिंक बूथ से भेजा गया है। इसके साथ ही महिला उपनिरीक्षक उमा कुशवाहा को थाना कवि नगर पर भेजा गया है।

## नवरात्रि से पूर्व महिलाओं संग की शिप्रा पिंक बूथ प्रभारी ने बैठक

### बच्चों और महिलाओं को बताएं गुड और बेड टच





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम ।** महिला अपराध में कमी लाने और महिलाओं को सुरक्षा को भाव देने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मिशन शक्ति के तहत बुधवार को शिप्रा पिंक बूथ प्रभारी संदीपा मलिक के नेतृत्व में इंदिरापुरम के नवचेतन सोसाइटी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पिंक बूथ प्रभारी शिप्रा संदीपा मलिक ने महिलाओं बच्चों को गुड और बेड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगर आपको कोई गलत तरीके से टच करता है तो उसकी शिकायत अपने बड़ो या पुलिस को कीजिए ताकि ऐसे आरोपियों पर कार्रवाई की जा सके और उनको सजा मिल सके। इस दौरान स्थानीय लोगों ने चौकी प्रभारी शिप्रा संदीपा मलिक का स्वागत भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजू सिंह, शिप्रा द्विवेदी, शिखा भारद्वाज ,ममता श्रीवास्तव ,सीमा गुप्ता ,नूपुर अग्रवाल ,नवीन गुप्ता ,तरुण व हितेश अनेजा सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 03 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# हिंडन नदी की स्वच्छता का संकल्प लेकर गांधी जयंती पर उतारी गई दो नाव

## सूर्य उदय से अस्त तक नदी की सतह पर तैरते हुए वनस्पति कूड़े को करेंगी साफ









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हिंडन नदी की स्वच्छता का संकल्प गांधी जायंती पर लिया गया। हिंडन तट पर मोक्ष स्थल के सामने दो अक्टूबर को गाजियाबाद हित संरक्षण संवर्धन तथा समन्वयक महासमिति के द्वारा हिंडन नदी मेंदो नाव तैनात की गई है। ये नाव सूर्य उदय से लेकर सूर्य अस्त तक सक्रिय रहेंगी। इनका काम हिंडन नदी की सतह पर तैरते हुए वनस्पति कूड़े आदि को एकत्रित करना है। ये नौकाएं मौक्ष स्थल के बांए और दांए बने रोडब्रिज और रेल ब्रिज के बीच में काम करेंगी।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस अजय शंकर पांडेय ने कहा कि यह पहल हिंडन नदी की सफाई को लेकर जागरूकता पैदा करने तथा सरकार की सभी संबंधित एजेंसियों का ध्यान आकर्षण करने के लिये इस नदी को लेकर गाजियाबाद का हर नागरिक काफी संवेदनशील है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर पावन चिंतनधारा आश्रम के संस्थापक डॉ. पवन सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जब अजय शंकर पांडेय गाजियाबाद के नगर आयुक्त थे उस समय योजना बनाई गई थी कि हिंडन नदी के उस हिस्से को जो गाजियाबाद से होकर गुजरता है उसे 80 भागों में बांट दिया जाए और प्रत्येक भाग की सफाई के लिए एक भाग संबधित पार्षद के लिए निर्धारित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि केवल आज के प्रयास से हिंडन साफ हो जाएगी ऐसा नहीं है। परंतु यह लोगों को हिंडन के बारे में सोचने के लिये प्रेरित करेगा।



### धनंजय तेवतिया और उनका परिवार आगे आया हिंडन स्वच्छता के लिए

नवीन अस्पताल के धनंज्य तेवतिया ने एक सकारात्मक पहल की है। हिंडन नदी से जलकुंभी निकालने के लिये दो नाव उपलब्ध कराई गई है। हिंडन नदी में तैनात नौकाओं की पहल के बाद ये पहली बार है कि जब सिविल सोसायटी के किसी व्यक्ति ने इस तरह की जमीनी पहल की है। सबसे बड़ी बात ये है कि धनंज्य तेवतिया के साथ उनका परिवार हिंडन नदी की सफाई के लिये आगे आया है। धनंज्य तेवतिया के माता-पिता, पत्नी, भाई, भतीजे और उनके तमाम ऑफिसर्स तथा स्टाफ ने हिंडन की सफाई के लिये आगे भी अपेक्षा से अधिक सहयोग देने का स्वेच्छा से निर्णय लिया। दोनों नौकाओं में महासमिति का बैनर लगाकर हिंडन नदी में भौतिक सफाई अभियान शुरू किया गया।

### जब तक हिंडन नदी हरनंदी ना बने तब तक नहीं बैठना है चैन से: डॉ. अनिल तोमर

नवीन अस्पताल के सीईओ डॉ. अनिल तौमर ने कार्यक्रम का संचालन किया और उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जब तक हिंडन नदी हरनंदी ना बन जाए तब तक चैन से नहीं बैठना है। उन्होंने कहा कि हम सबको ये संकल्प लेना होगा कि नदी को गंदा नहीं होने देंगे। डॉ. अनिल तौमर पिछले दो दशक से भी अधिक समय से सामाजिक, पर्यावरण, सांस्कृतिक विषयों पर काम करते रहे हैं। ऑडियो अभियान में उनके विशेष योगदान के लिये उन्हें सम्मानित किया जा चुका है और वो एक बार फिर नदी की स्वच्छता के संकल्प के साथ आगे आए हैं।







### नगर निगम से की अपील वो ना डाले नदी में सीवर का पानी

हिंडन नदी की स्वच्छता अभियान में नगर निगम भी भाग लेता है, लेकिन दो अक्टूबर को नदी की सफाई का संकल्प लिया गया तो महासमिति के महासचिव कर्नल टीपीएस त्यागी ने नगर निगम से अपील की कि वो सीवर पाइप का पानी नदी में ना डाले। उन्होंने कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का पानी भी नदी में नहीं डालना चाहिए क्योंकि उसकी बीओडी ज्यादा और बीओडीओ की मात्रा कम होती है।

### ये चेहरे रहे कार्यक्रम में मौजूद

हिंडन नदी की स्वच्छता का संकल्प लिया गया और इस अवसर पर इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरुण शर्मा, विकास तेवतिया, एडवोकेट सिद्धार्थ तेवतिया, रूबिका तेवतिया, मधु तेवतिया, फ्लैट ऑनर फेडरेशन के उपाध्यक्ष आई.सी. जिंदल, ललित बंसल, मोहित कौशिक, पवन कौशिक, राकेश कौशिक, डॉ. अनुज, गुरमेल सिंह सिद्धू, मुन्ना मिश्रा, डॉ. आर.के. आर्या, रमा त्यागी, संदीप शर्मा, अमित त्यागी, चंद्रमोहन वैद्य, आरपी शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का लगातार बढ़ रहा है राष्ट्रीय राजनीति में कद

## राष्ट्रीय सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के चार सदस्यों में अतुल गर्ग को भी मिला है पद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लगातार सफलता के ट्रैक पर दौड़ रहे हैं। वो विधानसभा से लोकसभा में पहुंचे हैं और लोकसभा में उन्होंने पहले दिन ही जिंदाबाद वाले अंदाज से सदन में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई थी। उन्होंने लोकसभा में सवाल उठाया और सबसे बड़ी बात ये है कि अतुल गर्ग सांसद है और उनकी संगठन क्षमता पर राष्ट्रीय नेतृत्व भरोसा कर रहा है। उन्हें अलग-अलग प्रभार दिये गये हैं और अब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के कद का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता सकता है जब भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान की समीक्षा करने के लिये राष्ट्रीय कमेटी का गठन किया तो इस राष्ट्रीय कमेटी के उन चार सदस्यों में एक सदस्य गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हैं। सदस्यता अभियान भाजपा सबसे अहम अभियान माना जा रहा है और इस अभियान मी समीक्षा वाली समिति में अतुल गर्ग को स्थान मिला है। ये अतुल गर्ग की अतिरिक्त सफलता है, कामयाबी की एक छलांग कह सकते हैं। राष्ट्रीय समीक्षा समिति में उन्हें स्थान मिला है।

### संयोजक सहित ये चार चेहरे करेंगे सदस्यता की समीक्षा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति का गठन किया है। इस समिति के संयोजक राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम बनाए गए हैं। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को समिति में सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी को सदस्य बनाया गया है और गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को भी इस समिति में सदस्य बनाया गय है।

### दूर संचार सलाहकार समिति के सदस्य बने अतुल गर्ग

लोकसभा सांसद को दूर संचार सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। संचार मंत्रालय के निदेशक द्वारा लोकसभा सांसद को दूर संचार सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है।

### एयरपोर्ट से लेकर चंडीगढ़-बिहार तक अतुल गर्ग का जलवा

लोकसभा सांसद बनने के बाद अतुल गर्ग की संगठन क्षमता पर राष्ट्रीय नेतृत्व भरोसा कर रहा है। भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व अतुल गर्ग को केवल एक सांसद के रूप में नहीं देख रहा है बल्कि वो अतुल गर्ग में अपार संगठन देख रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष नेतृत्व में अतुल गर्ग को लगातार जिम्मेदारी दे रहा है। अतुल गर्ग को चंडीगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। उन्हें संगठन में बिहार में भी जिम्मेदारी दी है। अतुल गर्ग नई जिम्मेदारियों को पूरी चुनौतियों के साथ ले रहे हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अब हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी एडवाइजरी कमेटी के भी पदाधिकारी हैं। यह पद संभालने के बाद उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी अधिकारियों को पत्र लिखे उनके पत्र के बाद कई नए खुलासे हुए। अतुल गर्ग का जलवा सदन से लेकर सड़क तक है। संगठन में लगातार संगठन क्षमता के दायित्व दे रहा है और सदन में वो अपने अनूठे अंदाज से छाये हुए हैं।

# भाजपा के दो मीडिया प्रभारियों में लग रही है रेस

## कौन सा प्रभारी चल रहा है रेस में किस पर भारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा एक ऐसी पार्टी है जहां मोर्चे प्रकोष्ठों के अलावा मीडिया प्रबंधन पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाता है। यही वजह है कि भाजपा में सोशल मीडिया प्रकोष्ठ है। भाजपा का अपना आईटी सेल है और भाजपा में बाकायदा महानगर स्तर पर मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति होती है। मीडिया से जुड़े प्रकोष्ठ में बाकायदा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये जाते हैं। मीडिया प्रभारी का काम और कद दोनों ही अहम है। भाजपा के महानगर संगठन में इन दिनों दो मीडिया प्रभारियों का किस्सा गूंज रहा है। क्योंकि यहां सक्रियता के अलग मायने हैं और मीडिया जैसे विभाग के लिये अनुभवी चेहरों को रखा जाता है। उनका काम ही आईटी की गतिविधियों को, बैठकों में हुए सार को शब्दों में समेटकर मीडिया तक पहुंचाना है।

इसे प्रैसनोट की शक्ल में तैयार करते हैं। ये ध्यान रखा जाता है कि बैठक में मौजूद किसी व्यक्ति का नाम ना छूटे। अभी तक ये जिम्मेदारी भाजपा के महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी देख रहे थे। प्रदीप चौधरी पहले से यह जिम्मेदारी देख रहे हैं और उन्हें एक्सपर्ट भी माना जाता है लेकिन महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने काम के लोड को कम करने के लिये दो सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किये। इनमें से कर्ण शर्मा को सहमीडिया प्रभारी बनाया गया। कर्ण शर्मा भाजपा के किसान मोर्चा से आए हैं और उन्हें भाजपा के मीडिया सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

सूत्र बताते हैं कि कर्ण शर्मा ने आते ही तेज रफ्तार पकड़ी और इस समय वो पूरे चरम पर है, लेकिन इस रफ्तार के कारण ट्निंग एरर का किस्सा बाहर आया है। कहने वाले कह रहे हैं कि अगर दोनों के बीच तालमेत होता तो फिर ऐसा खेल नहीं होता। कई बार ये हुआ है कि भाजपा के किसी भी कार्यक्रम की किसी भी बैठक की पहली विज्ञप्ति कर्ण शर्मा ने जारी की है और फिर उसके थोड़ी देर बाद महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी की विज्ञप्ति आती है। ऐसे में मीडिया भी इस संशय में है कि कौन सी विज्ञप्ति को अधिकृत माने और ये भी सवाल उठा कि अगर एक ही कार्यक्रम है तो फिर दो अलग-अलग विज्ञप्ति क्यों भेजी जा रही है। ऐसा क्या हो रहा है भाजपा में कि दोनों मीडिया प्रभारी एक-दूसरे से रेस लगा रहे हैं और अलग-अलग विज्ञप्ति जारी होने से कई बार कन्फ्यूजन होता है।



भगवा कमांडर ने भी अभी तक इस मामले में कोई निर्देश जारी नहीं किये हैं। हालांकि यहां पर ये भी माना जा रहा है कि कई बार कम्यूनिकेशन नहीं होता है तो ऐसा हो जाता है। वहीं भाजपा वाले बता रहे हैं कि ये कोई पहली बार नहीं है और यहां मीडिया के दायित्व को लेकर अक्सर भाजपा के कार्यक्रमों की अलग-अलग विज्ञप्ति बन जाती है। भाजपा वाले ही ये मान रहे हैं कि चुनाव पास है और ऐसे में तालमेल बिठाकर चलना होगा। अब चुनाव का मौसम आ जायेगा और लगातार बैठकों और जनसभाओं की विज्ञप्तियां जारी होंगी। इससे पहले ही मीडिया प्रभारियों में तालमेल बिठाया जाना जरूरी है।

दायित्व का दायरा समझाया जाना जरूरी है। अगर समन्वय बना रहेगा तो खबरों को भेजने की गति और तेज रहेगी। फिलहाल मीडिया प्रभारी को लेकर भाजपा में किस्सा गूंज रहा है।

# पुलिस कर रही है पड़ताल : क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में कितने धर्मांतरण केंद्र हो रहे हैं संचालित

### दो अलग-अलग मामलों में पुलिस तीन आरोपियों को कर चुकी है गिरफ्तार, फरार राजू पादरी की तलाश है जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते 10 दिनों के दौरान तीन थानाक्षेत्रों में एक के बाद एक धर्मांतरण के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं बीते पांच दिनों के भीतर क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में पुलिस दो अलग-अलग धर्मांतरण के मुकदमे दर्ज कर चुकी है। इस मामले में पुलिस की अब तक की कार्रवाई में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें बुधवार को क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने पुष्पा नाम की महिला और सचिन नाम के राजू पादरी के सहयोगी को गिरफ्तार किया है जबकि पूर्व में इसमें पंकज की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि तीनों ही लोग ईसाई धर्मांतरण का नेटवर्क फैलाने का काम कर रहे थे। यह लोग लोगों को बीमारी व इलाज के नाम और पैसे का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने का लालच दिया करते थे इसके साथ ही पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि फरार राजू पादरी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगातार अलग-अलग स्थान पर दबिश देने का काम कर रही है ताकि उसे भी गिरफ्तार किया जा सके।





### खुफिया विभाग भी कर रहा है पूरे मामले की निगरानी

करंट क्राइम : गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है और उपचुनाव से पहले जिस तरीके से धर्मांतरण का मामला लगातार सुर्खियां बन रहा है। उसको लेकर खुफिया विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। सुनने में आया है कि खुफिया विभाग के अधिकारी धर्मांतरण के इस पूरे मामले में मीडिया रिपोर्टिंग से लेकर पुलिस की कारवाई का डाटा तैयार कर रहे हैं और उसको लखनऊ में बैठे अधिकारियों को भी भेजा जाएगा।

### हिंदू संगठनों का लगातार जारी है विरोध

करंट क्राइम : क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के सेन विहार इलाके में पुलिस द्वारा दो धर्मांतरण कराए जाने के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस मामले में पुलिस अब तक तीन लोगों को नामजद कर चुकी है जबकि तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि लगातार विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और हिंदू रक्षा दल इस पूरे क्षेत्र में संचालित हो रहे धर्मांतरण केंद्र को लेकर निगरानी रख रहे हैं। वह लगातार विरोध, प्रदर्शन और पुलिस का घेराव भी कर रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में पुलिस जल्द ही राजू पादरी को भी गिरफ्तार कर सकती है।



### अभी तक नहीं मिला है कोई इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस

करंट क्राइम : क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसने बुधवार को पुष्पा और राजू पादरी के सहयोगी सचिन को गिरफ्तार किया गया है। एसीपी वेव सिटी लिपि लगायच का कहना है कि इस पूरे मामले में हिंदू संगठनों की ओर से जो शिकायत मिली थी, उसी के आधार पर जांच करते हुए तीनों को गिरफ्तार किया गया है। इस पूरे मामले में पुलिस को अब तक की जांच के दौरान कोई व्हाट्सएप या इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस नहीं मिला है। एसीपी का कहना है कि फरार राजू पादरी की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस की टीम लगातार ताबिश दे रही हैं।

## संपादकीय

# पराली का महीना

अक्तूबर की शुरूआत से मन घबराने लगा है। इसी माह से राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण इतना घना और व्यापक होने लगता है, जो कमोबेश जनवरी माह तक जारी रहता है। वायु प्रदूषण इतना घातक स्तर तक पहुंच जाता है कि घर से निकलना दूभर हो जाता है। सांस घुटने लगता है। चिकित्सक परामर्श देने लगते हैं कि यदि बहुत जरूरी न हो, तो घर से मत निकलें। प्रदूषण के कारण कौन-कौन सी गंभीर बीमारियां मानव-शरीर में पनपने लगती हैं, चिकित्सक उनके प्रति भी आगाह करने लगते हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण का प्रकोप इतना घातक हो जाता है कि सर्वोच्च अदालत को कई बार उस स्थिति की तुलना ह्यगैस चैंबरह्न से करनी पड़ी है। अदालत फटकार लगाती है, सरकारों से नाराजगी जताती है, लेकिन सरकारें और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सरीखी संवैधानिक संस्थाएं प्रदूषण पर नियंत्रण पाने में नाकाम रही हैं। किसान अपने खेतों में पराली जलाने से बाज नहीं आते। हमने अक्तूबर का संदर्भ पराली के कारण ही उठाया है। खेतों में धान की बालियां कट चुकी हैं। जो छोटे अवशेष बचे हैं, उन्हें पंजाब-हरियाणा के खेतों में जलाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। किसानों की अपनी पेशेवर मजबूरी है, क्योंकि उन्हें गेहूं आदि की फसल के लिए खेत तैयार करना है। यह क्रम अक्तूबर में ही घनीभूत होने लगता है। हालांकि अभी दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 100 से कम है, जो सामान्य श्रेणी में आता है। पराली-दहन पर किसी भी पार्टी की सरकार का अंकुश नहीं है। रासायनिक विकल्पों की घोषणाएं की जाती रही हैं, लेकिन विकल्प अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। सर्वोच्च अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को फटकार लगाई है, नाराजगी व्यक्त की है, क्योंकि पराली के संदर्भ में आयोग अपने निदेर्शों, आदेशों को जमीनी स्तर पर लागू कराने में नाकाम रहा है। आयोग के प्रयास ह्यकागजीह्न ही हैं। केंद्रीय स्तर पर 12-सदस्यीय टीम के गठन की भी घोषणा की गई है। यह टीम दिल्ली-एनसीआर में ह्यग्रेपह्न (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान) के तहत लगाए जाने वाले प्रतिबंधों पर फैसला लेगी। राजधानी में सिर्फ वही अंतरराज्यीय बसें और माल वाहन प्रवेश कर सकेंगे, जो सीएनजी, बिजली या खास किस्म के डीजल से चलते होंगे। निर्माण-कार्यों पर भी विशेष अवधि के लिए प्रतिबंध लगाए जाएंगे। कूड़े को इक्ा करने और उसे उठाने के बंदोबस्त भी व्यापक किए जाएंगे। यदि कूड़ा जलाएंगे, तो भी प्रदूषण होगा। यदि वायु प्रदूषण एक स्तर से अधिक बढ़ता है, तो कमोबेश राजधानी क्षेत्रों में ह्यकृत्रिम बारिशह्न कराई जाएगी, ऐसी घोषणा दिल्ली सरकार ने की है। निजी परिवहन को भी नियंत्रित किया जाएगा। दिल्ली सरकार सम-विषम परिवहन का फॉमूर्ला लागू कर चुकी है, लेकिन वह अपेक्षाकृत सफल नहीं रहा। आयोग के संदर्भ में पराली का मुद्दा गायब रहा है। केजरीवाल की ह्यआम आदमी पार्टीह्न (आप) की सरकार दिल्ली और पंजाब दोनों जगह है। पंजाब में सरकार बनने से पहले केजरीवाल पराली के मुद्दे पर खूब चिल्ल-पौं करते थे, लेकिन आज वे किसानों को पराली जलाने से रोक नहीं सकते, क्योंकि वे एक संगठित वोट बैंक हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण 300-400 और उससे भी अधिक रहता है। यह खतरनाक, जानलेवा श्रेणी का प्रदूषण है। कुछ स्थानों पर प्रदूषण का सूचकांक 500 से भी अधिक चला जाता है। वह घोर खतरनाक स्थिति होती है, लेकिन आम आदमी क्या करे? उसे घर से भी निकलना है, काम पर जाना है, बोझ उठाने वाले मजदूरों को प्रदूषित माहौल में ही दिहाड़ी कमानी है। किसान सभी अपीलों और चिंताओं को नकार कर पैसे बचाने के प्रति ज्यादा आग्रही होते हैं, जबकि उन्हें भी अपनी सेहत की चिंता करनी चाहिए।

# ग्रामीण इलाके देश के आर्थिक विकास में निभा रहे सक्रिय भागीदारी : वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से कहा गया कि ग्रामीण भारत देश के विकास में अब एक सक्रिय भागीदार की भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) से वित्तीय सेवाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंची है। साथ ही वित्त मंत्री ने ग्रामीण इलाकों में क्रेडिट के जरिए बढ़ रही खपत की सराहना करते हुए, इसे एक 'क्रांतिकारी बदलाव' बताया। टियर 2, 3 और 4 शहरों में घरेलू खपत में वृद्धि देखी जा रही है। इन इलाकों में दोपहिया, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और एफएमसीजी उत्पादों में मांग में इजाफा हो रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएमजेडीवाई को 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान 53 करोड़ से ज्यादा लोगों के बैंक खाते खोले गए हैं। इस योजना से ग्रामीण भारत के करोड़ों लोग को पहली बार बैंकिंग से सिस्टम से जोड़ने में सफलता मिली है। आगे कहा कि मौजूदा समय में देश में 80 प्रतिशत वयस्क नागरिकों के पास बैंक खाते हैं। 2011 में यह आंकड़ा 50 प्रतिशत पर था। इससे वित्तीय सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सफलता मिली है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में बताया गया कि ग्रामीण भारत में क्रेडिट के जरिए बिकने वाले दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी कुल बिक्री में 62 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत पर है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन की बिक्री में भी तेज उछाल देखा जा रहा है। इंडस्ट्री के मुताबिक, फाइनेंसिंग के अच्छे विकल्प होने के कारण लोग आसानी से सामानों को खरीद पा रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खुले बैंक खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जमा है और 36 करोड़ से ज्यादा रुपे कार्ड निशुल्क जारी किए जा चुके हैं, जिनके साथ 2 लाख रुपये का निशुल्क इंश्योरेंस कवर दिया जा रहा है।

## ईरान-इजरायल संघर्ष का भारतीय कंपनियों के कारोबार पर होगा असर : एक्सपर्ट्स

**नई दिल्ली।** ईरान के इजरायल पर मिसाइल से हमले के बाद मध्यपूर्व में तनाव बढ़ गया है। इस कारण से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर भारतीय कंपनियों को व्यापार में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष के चलते कंपनियों को उच्च माल ढुलाई लागत का सामना करन पड़ सकता है, क्योंकि लेबनान में मौजूद ईरान समर्थित हिजबुल्लाह मिलिशिया के यमन में मौजूदा हूती विद्रोहियों के साथ गहरे संबंध हैं, जो कि लाल सागर में ज्यादातर जहाजों पर हमला करने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने आगे कहा कि इजरायल और ईरान के बीच सीधा संघर्ष भारतीय निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग लाल सागर को गंभीर रूप से बाधित कर सकता है। लाल सागर क्राइसिस पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुई थी, जब ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की ओर से इलाके में व्यापार को बाधित करना शुरू किया गया था। इसका भारत के पेट्रोलियम निर्यात पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अगस्त 2024 में पेट्रोलियम निर्यात सालाना आधार पर 37.56 प्रतिशत गिरकर 5.96 अरब डॉलर रहा, जो कि पिछले साल समान अवधि में 9.54 अरब डॉलर था। क्रिसिल रेटिंग्स की हाल में जारी रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में स्वेज नहर के जरिए यूरोप, उत्तर अमेरिका, उत्तर अफ्रीका और मध्य-पूर्व के अन्य देशों के साथ निर्यात करने के लिए कंपनियां लाल सागर का उपयोग करती हैं।



## स्वच्छ भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी : एनएसई सीईओ



**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने बुधवार को कहा कि 'स्वच्छ भारत मिशन दिवस 2024' भारत की स्वच्छता के लिए चलाए गए एक दशक लंबे प्रयासों को दिखाता है। चौहान ने अपने बयान में कहा कि किसी भी मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए जन भागीदारी काफी आवश्यक होती है। उन्होंने आगे कहा कि अच्छी अर्थव्यवस्था के लिए साफ और स्वच्छ भारत का होना बेहद जरूरी है। 'स्वच्छ भारत मिशन' इस बात को पुख्ता करता है कि साफ-सफाई देश के लोगों की जिंदगी का हिस्सा बने। इससे भारत की विकास गाथा के लिए एक अनुकूल माहौल बनेगा। एनएसई सीईओ ने आगे कहा कि इस मिशन ने प्रत्येक भारतीय नागरिक में जिम्मेदारी और गौरव की भावना पैदा की है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दशक में शुरू किए गए इस प्रयास को हमें मिलकर आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा। दिन की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर नई दिल्ली में 'स्वच्छता ही सेवा 2024' कार्यक्रम में भाग लिया था। यह ईवेंट प्रधानमंत्री मोदी की ओर से शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे होने पर आयोजित किया गया था। 1994 में शुरूआत के बाद से एनएसई ने भारत के पूंजीगत बाजारों में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया है। गिफ्ट निफ्टी ने सितंबर में अब तक का सबसे अधिक 100.7 अरब डॉलर का मासिक टर्नओवर रिकॉर्ड किया था। इससे पहले यह आंकड़ा 100.13 अरब डॉलर था, जो कि अगस्त 2024 में रिकॉर्ड किया गया था। एनएसई के मुताबिक, गिफ्ट निफ्टी में बढ़ता हुआ टर्नओवर दिखा रहा है कि दुनिया का भारत की विकास गाथा में विश्वास बढ़ता जा रहा है। गिफ्ट निफ्टी का सितंबर 2024 तक संचयी टर्नओवर 1.18 ट्रिलियन डॉलर का रहा है और इस दौरान 27.11 मिलियन से अधिक लेनदेन देखने को मिले हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज सिर्फ बैठने के बजाय कुछ ऐसा करें जिससे आपकी कमाई बढ़ सके। पारिवारिक जीवन को पर्याप्त समय और ध्यान दें।

**वृष:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। पूरा दिन नई ऊर्जा से भरा रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। धन के मामले में प्रगति होगी।

**मिथुन:** आज कोई आपकी छवि खराब कर सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। आपका जीवन साथी थोड़ा अजीब व्यवहार कर सकता है।

**कर्क:** अपने सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के कारण अपने आसपास के लोगों को प्रभावित करेंगे। अतिरिक्त पैसा रियल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।

**सिंह:** आज आपका दिन ठीक रहेगा। कुछ कार्यों में थोड़ा विलंब हो सकता है। इस राशि के लव पार्टनर के जीवन में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**कन्या:** आज कोशिश करें कि किसी भी तरह का जोखिम न लें। व्यापार स्थल पर माहौल अनुकूल रहेगा। योजनाओं से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**तुला:** मित्रों के सहयोग से आर्थिक परेशानी दूर होगी। परिवार के सदस्य या जीवन साथी तनाव का कारण बन सकते हैं। प्यार के मामले में सामाजिक बंधनों को तोड़ने से बचें।

**वृश्चिक:** दिन अच्छा बीतेगा। लोगों के बीच आपकी एक अलग छवि बनेगी। पार्टनर के साथ डिनर पर जा सकते हैं। लंबी दूरी की यात्रा सफल और सार्थक होगी।

**धनु:** बड़े और प्रतिष्ठित लोगों से मेलजोल बढ़ सकता है। दूसरों के मामले में अपनी राय व्यक्त करने से भी बचना चाहिए। जीवनसाथी के संबंधों में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**मकर:** आपके कंधों पर बहुत कुछ है और निर्णय लेने के लिए स्पष्ट सोच आवश्यक है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ:** आज रहेगा फिट और तंदुरुस्त। आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

**मीन:** आज ऐसी जानकारी को उजागर न करें जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। आज आपके करियर में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। आपकी हर जगह प्रशंसा होगी।

## चुटकुले

टीकू घबराया हुआ पुलिस स्टेशन जा रहा था।
टीकू – मैं गिरफ्तार होने जा रहा हूं.
मोनू – क्यों भाई, तुमने क्या किया?
टीकू – मैंने अपनी बीवी के सर पर जोर से डंडा मार दिया था।
मोनू – तो वो मर गई क्या?
टीकू– नहीं बच गई और अब वो मुझे नहीं छोड़ेगी।

---

पति– तुम बहुत प्यारी हो
पत्नी– थैंक्स, मजा आ गया सुनकर
पति– तुम बिल्कुल राजकुमारी जैसी हो.
पत्नी – थैंक्यू सो मच... और बताओ क्या कर रहे हो?
पति – खाली बैठा था, सोचा मजाक ही कर लूं।

---

दो दोस्त आपस में बात करते हुए...
रामू– मैं कभी भी ईट का जवाब पत्थर से नहीं देता.
श्यामू– क्यों ?
रामू– क्योंकि पत्थर खोजने में बहुत समय लग जाता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

# सेबी ने फ्यूचर्स और ऑप्शन ट्रेडिंग के नियम किए सख्त



**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से फ्यूचर्स और ऑप्शन (एफएंडओ) ट्रेडिंग के नियमों को सख्त कर दिया गया है। अब इस सेगमेंट में कारोबार करने के लिए ट्रेडर्स को पहले के मुकाबले अधिक पैसे खर्च करने होंगे। बाजार नियामक द्वारा अब इंडेक्स डेरिवेटिव में कॉन्ट्रैक्ट साइज की न्यूनतम वैल्यू को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया गया है। साथ ही साप्ताहिक एक्सपायरी को प्रति एक्सचेंज एक इंडेक्स तक सीमित कर दिया है। ऐसे में अब एक एक्सचेंज की ओर से सप्ताह में एक ही एक्सपायरी देखने को मिलेगी।

सेबी की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया कि डेरिवेटिव्स में उच्च जोखिम को देखते हुए और मार्केट की वृद्धि के अनुरूप कॉन्ट्रैक्ट के साइज में पुनसंर्योजन यह सुनिश्चित करेगा कि प्रतिभागियों के लिए अपेक्षित मानदंड बने रहें। बाजार नियामक की ओर से यह कदम रिटेल निवेशकों द्वारा एफएंडओ सेगमेंट लगातार किए जा रहे बड़े नुकसान के कारण उठाया गया है। हाल ही में सेबी की ओर से एक स्टडी जारी की गई थी। इसमें बताया गया था कि बीते तीन वर्षों में 1.10 करोड़ ट्रेडर्स की ओर से संयुक्त रूप से 1.81 लाख करोड़ रुपये का नुकसान किया गया है। इसमें से केवल 7 प्रतिशत ट्रेडर्स ही पैसा कमाने में सफल हुए हैं। इसके कारण बाजार से जुड़े कई लोगों ने एफएंडओ नियमों को सख्त बनाने की बात कही थी। सेबी के इस आदेश के बाद निफ्टी और सेंसेक्स जैसे मुख्य सूचकांकों में डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स का साइज 5 लाख से 10 लाख रुपये से बढ़कर 15 लाख से 20 लाख रुपये हो जाएगा।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## 03 10 2024 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



रचिता राम
अभिनेत्री



अंकिता गुप्ता (संरक्षक दैनिक करंट क्राइम), हुशेन अहमद, नव्या गर्ग, यक्षिका चौधरी, संस्कृति गर्ग, एंजल शर्मा, यशवी, प्रेरणा मुहावाल

पूजा, नेहा, कीर्ति राठी, ईशा तौमर, सुशील दुबे, कुंजन पंडित, संजय कांत, विनीत शर्मा

अमरीश शर्मा, विकास विश्वकर्मा, नीरज चौधरी, नकुल मिश्रा, बिजेन्द्र भारती, परमजीत सिंह, राजकुमार, पंडित राहुल शर्मा, सचिन वर्मा

लव कुमार, पवन कैशरी, विवेक कौशिक, विजय कौशिक, अली खान, अंकुर त्यागी, हिमांशु चतुर्वेदी, एड. मुकुल शर्मा, अमित यादव

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# महिला टी20 विश्व कप: जीत के बाद भी बढ़ी टीम इंडिया की टेंशन



हरमनप्रीत कौर

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के इरादे से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में टीम इंडिया यूएई में मैदान में है। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरूआत भी अच्छी की है और वार्म-अप मैच में पहले वेस्टइंडीज और फिर दक्षिण अफ्रीका को हराया। लेकिन इस खुशी के मौके पर भी टीम थोड़ी परेशान है, और वजह है फ्लॉप टॉप ऑर्डर।

शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर टीम इंडिया की शुरूआती तीन मुख्य बल्लेबाज हैं। टूनामेंट में इनका बल्ला चलना टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बड़ी टीमों के खिलाफ टीम इंडिया पूरी तरह इन बल्लेबाजों पर निर्भर होगी। लगातार दोनों वार्म-अप मैचों में



**भारतीय खिलाड़ियों ने शुरूआत भी अच्छी की है और वार्म-अप मैच में पहले वेस्टइंडीज और फिर दक्षिण अफ्रीका को हराया। लेकिन इस खुशी के मौके पर भी टीम थोड़ी परेशान है, और वजह है फ्लॉप टॉप ऑर्डर।**

इन बल्लेबाजों का खामोश बल्ला टीम की टेंशन बढ़ा सकता है। हालांकि, गेंदबाजों और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा ने कमान संभाली और टीम को जीत दिलाई जरूर लेकिन खिताब जीतने के लिए इतना काफी नहीं होगा।

भारत की महिला टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। क्रिकेट फैंस को टूनामेंट के आगाज का बेसब्री से इंतजार है, जबकि हरमनप्रीत सेना की नजर विश्व कप पर होगी। ये टीम इस खिताब से पिछली बार बेहद करीब से चूक गई थी, लेकिन उस वक्त कहीं न कहीं नॉकआउट मुकाबले का दबाव टीम इंडिया पर हावी हो गया था। मगर, इस बार यह टीम हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

टीम के कोच विश्व कप की तैयारियों को लेकर आश्वस्त हैं, जबकि टीम की कप्तान का मानना है कि उनके पास टी20 विश्व कप के लिए एक सर्वश्रेष्ठ टीम है। टूनामेंट में ग्रुप ए में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें हैं। आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय महिला टीम वैश्विक मंच पर अपना दबदबा बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं।

## कौशांबी सेंट्रल पार्क में पप्पू चौपाल ने महात्मा गांधी जयंती पर सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पप्पू चौपाल पर सभी पार्क प्रेमियों ने महात्मा गांधी जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वप्रथम एक अभियान चलाकर पार्क को साफ किया गया। महात्मा गांधी के प्रिय भजनों के साथ उपस्थित जनमानस द्वारा पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्थल पर महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प माला पहनाकर कर पार्क प्रेमियों ने पुष्प अर्पित किए। चौपाल के संस्थापक सदस्य राकेश जाखेटिया ने महात्मा गांधी के जीवन पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के बलिदान को भी याद किया गया। विदेश से कुछ समय के लिए आए गुप्ता परिवार ने भी महात्मा गांधी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलते हुए पार्क के सभी सफाई कर्मचारियों का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में पप्पू चौपाल के सक्रिय सदस्यों का पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कमल गुप्ता, पवन गुप्ता, श्याम वैश्य, गौरव वर्मा, मनीष जैन, वरुण शर्मा, रविंद्र नागर, चौधरी नवल किशोर, अशोक परवाल, अशोक मंनुवाल, मुदित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय इंटर कॉलेज इस्माइलपुर में गांधी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज इस्माइलपुर में 2 अक्टूबर के उपलक्ष में ध्वजारोहण हुआ तथा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, हुकम सिंह प्रवक्ता एवं कुमारी निधि सिंह सहायक अध्यापक ने छात्र-छात्राओं को किशोरावस्था एवं वैलनेस के विषय में कार्यक्रम कराकर छात्र-छात्राओं को विस्तार से समझाया। हुकम सिंह प्रवक्ता ने छात्र/छात्राओं को बताया कि किशोरावस्था में बहुत से शारीरिक-मानसिक तथा भावनात्मक परिवर्तन होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य, संचारी और गैर संचारी रोग और मादक पदार्थों का सेवन न करना आदि बिंदुओं पर चर्चा कर समझाया गया। छात्र-छात्राओं को अपने मस्तिष्क को किस तरीके से स्वस्थ रखना है इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## भ्रूण में प्राण-वायु के संचार के बाद किया गया गर्भपात हत्या कहलाता है : बी के शर्मा हनुमान

### अजन्मी कन्याओं की आत्म शांति के लिए किया गया यज्ञ तर्पण, कन्या भ्रूण हत्या न करने का दिया गया संदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद हिंडन तट प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में व विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा, हनुमान मंगलमय परिवार के संरक्षण में हिंडन तट पर अजन्मी कन्या भ्रूण हत्या की आत्म शांति के लिए व कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने का संदेश देते हुए यज्ञ तर्पण किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने बताया कि गर्भ में ही मार कर जीने के अधिकार से वंचित कर दी गई। भ्रूण हत्या न करने का संदेश दिया गया। संस्था द्वारा समाज में लगभग 31 वर्षों से प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में एक विशाल जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि स्वार्थ में डूबे बेटियों के माता-पिता यह भूल जाते हैं कि भ्रूण में प्राण वायु के संचार के बाद किया गया गर्भपात हत्या कहलाता है। इस



अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी छोटेलाल कनौजिया, संस्था के राष्ट्रीय संयोजक डॉ एके जैन, कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर मिलन मंडल, डॉ एसपी गुप्ता, डॉ विनीत कुमार शर्मा, डॉ आर पी शर्मा, डॉक्टर सुभाष शर्मा, डॉ दिलीप कुमार, डॉक्टर एन एस तोमर, डॉ सुनीता बहल, डॉ श्याम लाल सरकार, डॉक्टर सुबोध त्यागी, डॉ विनय कुमार, डॉ खालिद चौधरी, डॉक्टर संजय सिंह, मोहित वर्मा, विपिन कुमार, विनय कुमार, सपन सिकदर, डॉ बी पी सिंह, डॉ शीला रानी, डॉ देवेंद्र कुमार, डॉ रशीद खान, डॉ श्रीकांत मलिक, डॉ सुबोध त्यागी, डॉ सुजीत सिंह, सहित सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।

## स्वर्ग से बड़ी है मातृभूमि : आचार्य मनीष पंडित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंडन मोक्ष धाम गाजियाबाद एवं अध्यक्ष धार्मिक रामचंद्र सीता देवी हरनंदी सेवा संस्थान के आचार्य मनीष पंडित ने बताया कि लंका की समृद्धि तथा सौंदर्य को देखकर रावण की मृत्यु के बाद लक्ष्मण ने राम के समक्ष जब लंका को ही अपनी राजधानी बना लेने का प्रस्ताव रखा तो श्रीराम ने उत्तर दिया लंका चाहे स्वर्ग में हो, मुझे रुचि नहीं क्योंकि जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ होती है। जननी हमें जन्म देती है तो जन्मभूमि हमें जीवन का आधार प्रदान करती है। मातृभूमि हमें अनेक प्रकार से उपकृत करती है। हम इसी की रज में सरक-सरककर चलना सीखते हैं। इसी के अन्न-जल से हमारा शरीर बनता है। इसे शरणदायिनी आदि विशेषणों से संबोधित किया गया है। प्रत्येक मानव का कर्तव्य है कि वह अपनी मातृभूमि की उन्नति के लिए प्रयासरत रहे तथा उसकी रक्षा के लिए कृत संकल्प हो। स्वर्ग की हम केवल कल्पना कर सकते हैं पर इसके साक्षात दर्शन अपनी मातृभूमि के रूप में कर सकते हैं। जो व्यक्ति अपनी मातृभूमि से प्रेम नहीं करता, वह मनुष्य होकर भी पशु तुल्य है।

## पैरा चैंपियन निषाद कुमार : 8 साल की उम्र में गंवाया हाथ, मां ने बढ़ाया हौसला



नई दिल्ली। मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। कुछ ऐसी ही शख्सियत निषाद कुमार की है, जिन्होंने देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और अब सफलता की मिसाल बन गए हैं। निषाद ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की हाई जंप टी 47 स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता। इससे पहले टोक्यो में भी उनके नाम रजत पदक था। उनके समर्पण ने उन्हें भारतीय पैरा-एथलेटिक्स में एक चमकता सितारा बना दिया है। इस पैरा एथलीट का मानना है कि उनकी सफलता के पीछे उनकी मां का हाथ रहा है। हाथ गंवाने के बाद जब निषाद पूरी तरह से टूट चुके थे, तब उनकी मां ने उन्हें कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि वह दिव्यांग हो गए हैं। निषाद कुमार का जन्म 3 अक्टूबर, 1999 को हुआ था। वे हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के बदायूं गांव के रहने वाले हैं। उनका परिवार खेती से जुड़ा है और बहुत छोटी उम्र से ही उनका रुझान खेती में था। हालांकि, 8 साल की उम्र में उनका बायां हाथ चारा काटने वाली मशीन में फंस गया और इस हाथ को काटना पड़ा। लेकिन इतने बड़े हादसे का शिकार होने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। शुरूआती पढ़ाई के दौरान ही वह हाई जंप को लेकर प्रैक्टिस करना शुरू कर चुके थे, जिसके परिणाम आज उन्हें वैश्विक मंच पर मिल रहे हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने दुबई में हुई विश्व पैरा एथलेटिक्स में 2.05 मीटर छलांग लगाकर स्वर्ण जीतने के साथ ही टोक्यो का टिकट पक्का कर लिया था।

## भगवान श्री राम सहित चारों भाइयों के जन्म से अयोध्या में हर्षोल्लास का वातावरण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री रामलीला समिति राजनगर की ओर से भगवान श्री राम तथा उनके भाइयों के जन्म के प्रसंग के साथ ही उनकी शिक्षा ग्रहण और बाद में ताड़का वध तक के प्रसंगों का मंचन किया गया।

रामलीला के मंच पर समिति के पदाधिकारियों ने श्री हरि विष्णु जी एवं रामायण का विधिवत पूजन किया। इसके बाद श्री राम एवं उनके भाइयों के जन्म का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। महाराज दशरथ के महल में तो खुशी का माहौल है ही, साथ ही पूरी अयोध्या में चारों के स्वरूप की चर्चा हो रही है और नाचने तथा बधाई देने वालों की भीड़ लगी है। तीनों माताएं तथा राजा दशरथ बालक्रीड़ा देख कर निहाल हो रहे हैं। इसके बाद ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में चारों भाई शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात वापस अयोध्या लौटते हैं। उसके बाद गुरु विश्वामित्र अयोध्या नरेश से राम और लक्ष्मण को उनके साथ भेजने का आग्रह करते हैं, क्योंकि मारीच और सुबाहु आदि राक्षस उनके यज्ञ को भंग कर देते थे। पिता से आज्ञा लेकर दोनों भाई गुरु विश्वामित्र के आश्रम में आकर यज्ञ की रक्षा करने हेतु राक्षसों से युद्ध करते हैं। यज्ञ की पवित्रता बनाए रखने के लिए युद्ध के दौरान दोनों भाई ताड़का का वध कर देते हैं।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजीव मोहन गुप्ता, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, संगठन मंत्री विनीत शर्मा, सुभाष शर्मा, दीपक मित्तल सीए, के.पी .गुप्ता, अमरीश त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, आर.के.शर्मा, मंत्री मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल एवं सौरभ गर्ग, मोतीलाल गर्ग, मदन लाल हरित, गोल्डी सहगल, आलोक मित्तल, बी.के.अग्रवाल, ओमप्रकाश भोला, विजय लुम्बा, राजीव गुप्ता , श्रीमती उषा गुप्ता सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे

## टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बने बुमराह





**दुबई।** कानपुर टेस्ट में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने हमवतन और भारत-बांग्लादेश सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे आर अश्विन को पछाड़ा, जो अब बुमराह से एक रेटिंग अंक कम होकर 869 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बुमराह के 870 रेटिंग अंक हैं।

यह दूसरी बार है जब बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक बने हैं। इससे पहले वह इस साल फरवरी में भी नंबर एक गेंदबाज बने थे और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज थे।

कानपुर टेस्ट में दो अर्धशतकों के साथ प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए हैं, वहीं विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी करते हुए छठे स्थान पर कब्जा जमाया। कोहली ने कम स्कोरिंग वाले कानपुर टेस्ट में 47 और नाबाद 29 का स्कोर खड़ा किया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ गॉल में खेले गए दूसरे टेस्ट में नाबाद 182 रन बनाने वाले कामिंडु मेंडिस अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11वें स्थान पर हैं, वहीं बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज अब टेस्ट क्रिकेट के शीर्ष पांच ऑलराउंडर्स में शुमार हो गए हैं।

## धोनी, ऋतुराज और जडेजा को जरूर रिटेन करेगी सीएसके : अजय जडेजा



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 को लेकर टीमों की तैयारी शुरू हो चुकी है, जिसका पहला पड़ाव खिलाड़ियों को रिटेन करना और मेगा-ऑक्शन होगा। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स को लेकर एक बड़ा बयान दिया है।

उनका मानना है कि एमएस धोनी, ऋतुराज गायकवाड और रवींद्र जडेजा आईपीएल 2025 की मेगा ऑक्शन से पहले चेन्नई के लिए तीन रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ी होंगे। इनका चयन करने के लिए फ्रेंचाइजी को ज्यादा सोचना नहीं पड़ेगा।

पूर्व क्रिकेटर ने जियोसिनेमा पर कहा, एमएस धोनी निश्चित रूप रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट में टॉप में होंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है, खासकर इसलिए क्योंकि वह अब एक अनकैप्ड खिलाड़ी है। उन्होंने टीम के लिए बहुत कुछ किया है और उनकी कीमत पर कोई सवाल नहीं है।

ऋतुराज गायकवाड कप्तान हैं, और उनका यह साल अच्छा रहा है, इसलिए आप उन्हें भी बनाए रखने की उम्मीद करेंगे। रवींद्र जडेजा को भी बाहर नहीं रखा जा सकता है, इसलिए मुझे लगता है कि ये तीनों उनके लिए एकदम सही रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ी होंगे।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज आकाश चोपड़ा को लगता है कि राइट टू मैच कार्ड पांच बार की आईपीएल चैंपियन सीएसके के लिए फायदेमंद होगा।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि वे पांच खिलाड़ियों को रिटेन करेंगे। वे 3-4 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकते हैं।

## ईरानी कप : रहाणे-सरफराज का दमदार प्रदर्शन



**लखनऊ।** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के शुरूआती झटकों से एक समय मुंबई की पारी लड़खड़ा गई थी, लेकिन अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर और सरफराज खान के अर्धशतकों की मदद से वह ईरानी कप के पहले दिन वापसी करने में सफल रहे।

1959-60 के उद्घाटन संस्करण के बाद से रेस्ट ऑफ इंडिया ने 30 बार प्रतियोगिता जीती है, जबकि मुंबई ने 14 बार खिताब अपने नाम किया।

टॉस जीतकर रेस्ट ऑफ इंडिया के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने सुबह की अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी मुंबई टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पृथ्वी शॉ सिर्फ चार रन के स्कोर पर मुकेश की बाहर निकलती गेंद को छेड़ते हुए दूसरी स्लिप पर देवदत्त पडिक्कल को कैच थमा बैठे।

इसके दो गेंद बाद ही उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक को भी विकेट के पीछे शून्य के स्कोर पर कैच आउट कराया। अपने दूसरे स्पेल में मुकेश ने दूसरे सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे (19) को भी चलता किया। लेकिन इसके बाद कप्तान रहाणे ने खुद जिम्मेदारी संभाली और अय्यर के साथ चौथे विकेट के लिए 102 रन जोड़े। अय्यर को यश दयाल ने 57 के स्कोर पर आउट किया। हालांकि इसके बाद रहाणे ने सरफराज के साथ नाबाद 98 रन की साझेदारी कर यह सुनिश्चित किया कि मुंबई पहले दिन एक मजबूत स्थिति में मैदान से लौटे।

मुकेश कुमार, जो दलीप ट्रॉफी में सफल गेंदबाज रहे थे और वो विकेट के मामले में टूनामेंट में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने ईरानी कप में भी इस प्रदर्शन को जारी रखा और नई गेंद का पूरा फायदा उठाया और शानदार शुरूआत की।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की पुष्पांजलि अर्पित कर नगर निगम ने मनाई जयंती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर गाजियाबाद नगर निगम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महापौर सुनीता दयाल सहित सभी पार्षदों एवं निगम अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और एम बी गर्ल्स स्कूल की बच्चियों ने देश भक्ति के गीत गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल ने उपस्थित सभी जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और महत्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। महापौर ने बताया कि महात्मा गांधी की सोच दूरदर्शी थी। हम स्वच्छता की बात अब करते हैं लेकिन महात्मा गांधी ने उस समय स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी, स्वच्छता का संदेश महात्मा गांधी की देन है।



## स्वच्छता पखवाड़ा में महापौर ने एक पौधा मां के नाम का लगाया








### शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों की भागीदारी बहुत जरूरी : महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि नगर निगम लगातार 17 सितंबर से स्वच्छता अभियान प्रत्येक वार्ड में चला रहा है जिसमें नगर आयुक्त सहित सभी अधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई है लेकिन हमारा यह अभियान जब सफल होगा जब शहरवासियों की भागीदारी नहीं होगी। स्वच्छता में शहर के हर घर हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह शहर को साफ रखने में गाजियाबाद नगर निगम का साथ दे। तभी यह अभियान सफल बनेगा और हम गांधी के दिखाए रास्ते पर चल सकेंगे। इस दौरान पार्षद विरेन्द्र त्यागी, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद मनोज त्यागी, पार्षद कुसुम लता पाल, पार्षद नितिन कुमार, पार्षद सुमन चौधरी, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार, अधिशासी अभियंता के पी आनंद, सहायक लेखाधिकारी जे पी सिंह, अधिशासी अभियंता मिश्रा, सहायक अभियंता आस कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगर निगम ने चलाया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

**करंट क्राइम।** इसके साथ ही गाजियाबाद नगर निगम का स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहा था जिसका लोहिया नगर स्थित महात्मा गांधी पार्क में महापौर सुनीता दयाल द्वारा समापन कराया।

### सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर महापौर ने किया सम्मानित

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ने 1 पौधा माँ के नाम का लगाया।

## स्वर्गीय सतवीर सिंह राठौर को दी गई श्रद्धांजलि








गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ पत्रकार हरीश राठौर के पिता सत्यवीर सिंह राठौर का 22 सितम्बर को निधन हो गया था। उनकी शोक सभा बुधवार को लीलावती पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित की गई। समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर स्वर्गीय सत्यवीर सिंह राठौर के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 84 करोड़ की लागत से बनने वाले टीटीपी प्लांट का लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया शिलान्यास

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री का जताया आभार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बुधवार को अमृत योजना के तहत 30 एमएलडी के संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा शोधित जल से कैमिकल और गंदगी कम करने के लिए टरशरी ट्रीटमेंट प्लांट (टीटीपी) के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। इस टीटीपी की क्षमता 15 एमएलडी है। इस दौरान उपजिलाधिकारी लोनी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, जल निगम अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता जल निगम, भाजपा पदाधिकारी/कार्यकर्ता व अन्य स्थानीय उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किया।




**क्या है टीटीपी प्लांट:** टीटीपी के जरिए इसका टोटल सस्पेंड सोलिड्स (टीएसस) और फेसिएल क्लोरीफार्म की मात्रा को मानक के अनुरूप नियंत्रण किया जाना संभव हो सकेगा। यह टीटीपी फाइबर डिस्क तकनीकी पर आधारित है। जिससे शोधित सीवेज जल की गुणवत्ता में मानक जैसे सीओडी, बीओडी और फेसल की मात्रा और अधिक नियंत्रित की सकेगी।

### लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है भाजपा : नंदकिशोर गुर्जर

**करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रीय शहरी मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगरीय विकास मंत्री एके शर्मा की उपस्थिति में प्रदेश भर में विकास कार्यों का वर्चुअल शुभारंभ/उद्घाटन किया। लोनी में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, 84 करोड़ की लागत से बनने वाले टीटीपी के संचालन के साथ शोधित पानी की गुणवत्ता को बेहतर किया जा सकेगा और औद्योगिक इकाइयों, पार्कों व अन्य आवश्यक स्थानों पर 40 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर पानी की आपूर्ति की जाएगा, इससे लोनी का भूजल स्तर भी सुधरेगा और औद्योगिक इकाइयों को फूलने- फलने में और मदद मिलेगी।




## पिंक बूथ प्रभारी को मिल ही गई सजा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को बने हुए दो साल का समय हो गया है। इसके साथ ही यहां पिंक बूथ को बने भी एक साल बीत चुका है। बीते एक साल में कई पिंक बूथ प्रभारियों को जहां प्रमोशन मिला है, तो कुछ को पिंक बूथ से बाहर का रास्ता भी दिखाया गया है। वहीं लंबे समय से सिटी में एक खास सर्किल के पिंक बूथ पर तैनात महिला टू- स्टार की लगातार शिकायतों की लिस्ट बन रही थी , कभी उनके ऊपर रूढ़बिहेव का आरोप लगता था,तो कभी उनकी आयु से अधिक संपत्ति की जांच के लिए लैटर लिखे गए, कभी उनका मैटर सिटी वाले साहब के दरबार तक पहुंचा था। उनके ऊपर आरोपों का एक लैटर सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ था, जो अधिकारियों के व्हाट्सएप से लेकर अखबारों तक में आया था। तो कभी उनके मामले के पेपर सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाई थी। कुल मिलाकर अपने ही सर्किल के थाना प्रभारी की शिकायत और कई अन्य मामलों के बाद एक दिन पहले आई तबादला लिस्ट में पिंक बूथ प्रभारी पर कार्रवाई वाला आदेश हो गया है। पिंक बूथ प्रभारी को सिटी के ही दूसरे थाने में अटैच किया गया है। अब देखा जाएगा की उनके थाने में क्या मामला चल पाता है। वैसे बताया जा रहा है कि पिंक बूथ की मुख्य वाली अधिकारी अब उसी सर्किल की अधिकारी हैं। देखना होगा कि महिला टू- स्टार का अब वहां कितना मामला सेट रहता है।उधर सूत्रों ने यह भी जानकारी दी है कि पिंक बूथ की प्रभारी की पूर्व में भी कई मामलों में शिकायत आई थी, पर फाइल अधिकारियों के आदेशों के बीच दब कर रह गई थी। सूत्र बता रहे हैं कि इस बार जो लिस्ट जारी हुई है उसमें कई और भी ऐसे टू-स्टार हैं जो पहले बचाए गए लेकिन इस बार उन पर कार्रवाई हुई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पिंक बूथ में बेहतर काम करने वालों की भी कमी नहीं है। वर्तमान में पिंक बूथ पर अच्छा रिजल्ट देने वाली एक महिला टू-स्टार महिला थाने की प्रभारी की कुर्सी पर बैठी हैं। तो दूसरी एक थाने की कमान संभाले हुए हैं। कुल मिलाकर बेहतर वर्किंग वालों को इनाम मिलता है और अपनी वर्किंग में शिकायतों का अंबार लगाने वालों पर देर से ही सही कार्रवाई अवश्य होती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस लिस्ट ने यह संदेश देने का काम अवश्य किया है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के इस जोन में रहकर महिला टू- स्टार अपना कैसा काम अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करती हैं। वैसे पूर्व में उनका मामला ज्यादा हाईलाइट और टाइट हो गया था। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र ने जानकारी दी है कि महिला टू- स्टार का तो वर्तमान वाले सिटी के साहब से पूर्व ही कई शिकायत ऑफिस तक पहुंची थी, पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई यह है सवाल अब चर्चा का विषय बन रहा है।



## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने समारोह आयोजित किया

**गाजियबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयन्ती तथा भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयन्ती के अवसर पर बुधवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के विकास पथ स्थित मुख्यालय के प्रांगण में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सचिव-गा0वि0प्रा0, अपर सचिव, वित्त नियंत्रक, विशेष कार्याधिकारी-प्रथम, प्रभारी-मुख्य अभियन्ता, मुख्य नगर नियोजक, अधिशासी अभियन्तागण, सहायक अभियन्तागण, अवर अभियन्तागण, पुलिस अधीक्षक व पुलिस स्टाफ के साथ-साथ समस्त प्राधिकरण कर्मचारी भी उपस्थित रहे। समारोह का शुभारम्भ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण करते हुए माल्यार्पण करते हुए किया गया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के समस्त वरिष्ठ अधिकारीगण व समस्त स्टाफ द्वारा उक्त समारोह में प्रतिभाग किया गया। अनावरण एवं माल्यार्पण के पश्चात रामधुन का सामूहिक गायन किया गया। तत्पश्चात अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक अशोक कुमार वाजपेयी, प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं सचिव राजेश कुमार सिंह द्वारा समारोह को सम्बोधित करते हुए उक्त महापुरुषों के जीवन के आदर्शों एवं मूल्यों का अनुसरण करने व उनके विचारों को अपनाते हुए संस्था के प्रति अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी व निष्ठा से किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। समारोह का समापन सूक्ष्म जलपान एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।







## पद्मश्री डॉ. किरण सेठ ने आईएमएस गाजियाबाद में सांस्कृतिक चेतना और एकाग्रता के महत्व पर विचार साझा किए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद ने गर्वपूर्वक पद्मश्री डॉ. किरण सेठ, स्पिकमैके (युवा वर्ग के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के संवर्धन के लिए समाज) के संस्थापक और आईआईटी दिल्ली के पूर्व प्रोफेसर एमेरिटस की उपस्थिति में बुधवार को एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अंचल मिश्रा द्वारा सांस्कृतिक समिति के स्पिकमैके हेरिटेज क्लब के तहत किया गया था, जिसमें दिल्ली एनसीआर के विभिन्न बी-स्कूलों जैसे आईएमटी गाजियाबाद, एबीईएस, आरकेजीआईटी और केआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के गणमान्य व्यक्तियों, फैकल्टी सदस्यों और छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत आईएमएस गाजियाबाद के निदेशक डॉ. प्रसून एम. त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर आभा बेंसल, समन्वयक स्पिकमैके गाजियाबाद चैप्टर, डॉ. अंचल मिश्रा, कार्यक्रम की आयोजक, डॉ. वैशाली अग्रवाल, डीन अकादमिक, और डॉ. अमित भाटी, डीन स्टूडेंट अफेयर्स, डॉ. अजय पटेल, डीन रिसर्च, सहित फैकल्टी, स्टाफ सदस्य और छात्र उपस्थित थे।






## जिला सरकारी अस्पताल एमएमजी में महात्मा गांधी जयंती मनाई गई




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डाटा मैनेजर कमल अरोड़ा तथा कंप्यूटर ऑपरेटर अमित गौतम ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## अजय कुमार येरपुडे ने किया श्री रामलीला उत्सव 2024 का उद्घाटन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आयुध निर्माणी मुरादनगर स्पोर्ट्स ग्राउंड में मंगलवार को श्री रामलीला उत्सव 2024 की पूजा-अर्चना व द्वीप प्रज्वलित किया गया। रामलीला उत्सव का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक अजय कुमार येरपुडे ने किया। निमार्णी के महाप्रबंधक ए प्रमाणिक एवं एके मिश्रा सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजलि अजय येरपुडे अध्यक्षा यंत्र महिला कल्याण समिति अपनी पूरी कार्यकारिणी सहित एवं अमरजीत सिंह बिट्टी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रालोद एवं अजय पाल सिंह डायरेक्टर सूर्या अस्पताल मुरादनगर उद्घाटन के अवसर पर मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान रामलीला उत्सव 2024 के सचिव एके भाटी एवं संयुक्त सचिव अमित कुमार तेजिंदर कुमार सिंह, अरविंद कुमार, विपिन शर्मा, आशीष सिंह , मुनिराज त्यागी, गजेंद्र सिंह, कमल त्यागी, रवि प्रताप सिंह, विनोद शर्मा, कुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष डीडी यादव ने एडवोकेट कुलदीप नागर को उनके जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाए दी। कुलदीप नागर डासना नगर कार्यवाह है और डीडी यादव ने इस बधाई के पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ईरानी नेता खामनेई का दावा- अल्लाह ने दिलाई जीत
## इस्राइली पी एम की चेतावनी- अब भुगतना पड़ेगा खामियाजा

**यरुशलम ।** अमेरिका की चेतावनी के बाद भी ईरान ने इस्राइल पर मंगलवार रात भीषण हमला किया। इस्राइल के प्रमुख सैन्य ठिकानों पर 200 से अधिक बैलेस्टिक मिसाइलें दागी गईं। धमाकों के बीच पूरे देश में अलर्ट घोषित कर दिया गया और चेतावनी के सायरन बजने लगे। वहीं, हमले की आग आज सुबह ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सोशल मीडिया पोस्ट में दिखाई दी। जहां खामनेई ने मिसाइलों के दागने की एक तस्वीर साझा की है। वहीं, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान ने बहुत बड़ी गलती की है। उसे इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा।



### क्या बोले ईरानी नेता?

अली खामेनेई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस्राइल पर 180 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागने के बाद एक बड़े भूमिगत हथियारों के भंडार की तस्वीर साझा की है। उन्होंने इसी के साथ लिखा- 'अल्लाह की ओर से जीत मिली है।'

एक और पोस्ट में ईरानी नेता ने कहा, 'प्रतिरोध मोर्चे के हमले और भी अधिक प्रहारकारी होंगे।' इस्राइली राजदूत ने कही ये बात भारत में इस्राइली राजदूत रियुवेन अजार ने कहा कि इस्राइल पर ईरान की ओर से हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान इस्राइल पर हमला कर रहा है। इस्राइल प्रबल होगा। ईरान के कट्टरपंथी ने एक घातक गलती की है।

### प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने दी चेतावनी

वहीं, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पलटवार करते हुए कहा कि ईरान ने बहुत बड़ी गलती की है। उसे इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा। आज रात ईरान ने बहुत बड़ी गलती की है और वह इसके लिए भुगतान करेगा।

ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को लेकर प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक सुरक्षा कैबिनेट बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो भी उन पर हमला करेगा, वे जवाबी हमला करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'आज रात ईरान ने बड़ी गलती की है। उसे इसका भुगतान करना पड़ेगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'इस्राइल के नागरिकों मैं उन लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, जो आंतकवादी हमले में मारे गए। वहीं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मिसाइल हमले की तरह, इस आतंकवादी हमले के पीछे भी किसी का हाथ था। यह तेहरान की तरफ से किया गया है।'

### 'आज शाम ईरान ने एक बड़ी गलती की'

नेतन्याहू ने पुष्टि की कि इस्राइल इस हमले की कीमत चुकाएगा। उन्होंने कहा, 'आज शाम ईरान ने एक बड़ी गलती की है और वह इसका खामियाजा उठाएगा।

तेहरान में शासन खुद का बचाव करने और हमारे दुश्मनों से कीमत वसूलने के हमारे दृढ़ संकल्प को नहीं समझता है। सिनवार और देइफ को यह समझ में नहीं आया; न नसरल्ला ने किया और न मोहसेन। जाहिर है, तेहरान में ऐसे लोग हैं जो इसे भी नहीं समझते हैं। वे करेंगे। हम अपने निर्धारित नियम का पालन करेंगे। जो कोई भी हम पर हमला करता है, हम उस पर हमला करते हैं।'

उन्होंने कहा कि ईरान का हमला नाकाम हो गया।

# इस्राइल पर हुए ईरानी मिसाइल हमले को बाइडन ने बताया विफल

**वॉशिंगटन ।** ईरान द्वारा इस्राइल पर लगभग 200 मिसाइलें दागे जाने के कुछ घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, ऐसा प्रतीत होता है कि इस्राइल पर किया गया ईरानी मिसाइल हमला विफल और अप्रभावी रहा है। अमेरिका इस्राइल का पूरी तरह से समर्थन करता है। वहीं दूसरी ओर इस्राइली सेना ने कथित तौर पर कहा कि हमले में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमले को लेकर रहा कि, मेरे निर्देश पर अमेरिका की सेना ने इस्राइल की रक्षा का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और हम अभी भी इसके प्रभाव का आकलन कर रहे हैं।

लेकिन अब जो हमें पता है कि ईरान का ये हमला पूरी तरह से विफल और अप्रभावी प्रतीत होता है। यह इस्राइल की सैन्य क्षमता और अमेरिकी सेना का प्रमाण है।



व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए जो बाइडन ने साफतौर पर कहा कि, अमेरिका और इस्राइल के बीच इस हमले का अनुमान लगाने और बचाव करना एक गहन योजना का प्रमाण है। बाइडन ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस्राइल का पूर्ण समर्थन करता है और मैंने सुबह और दोपहर का कुछ हिस्सा सिचुएशन रूम में बिताया।

इस दौरान अपनी पूरी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की... जैसा कि मैंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा टीम इस्राइली अधिकारियों और समकक्षों के साथ लगातार संपर्क में है।

ईरान द्वारा इस्राइल पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद बाइडन ने कहा कि अमेरिका मिडिल ईस्ट में होने वाली घटनाओं पर बहुत बारीकी से नजर रख रहा है।

व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अमेरिकी सेना को ईरानी हमलों के खिलाफ इस्राइल की रक्षा में सहायता करने और देश को निशाना बनाने वाली मिसाइलों को मार गिराने का निर्देश दिया है। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और मैंने अपनी नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ बात की है कि क्या अमेरिका इस्राइल को इन हमलों से बचाने और वहां अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा करने में मदद करने के लिए तैयार है। बाइडन ने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि हम पूरी तरह से इस्राइल के साथ हैं ।

# कंगाल पाकिस्तान खस्ताहाल, 1.5 लाख नौकरियां खत्म
## छह मंत्रालयों को भंग करने और दो मंत्रालयों को आपस में मिलाने का ऐलान

**नईदिल्ली।** कंगाल पाकिस्तान खस्ताहाल होता जा रहा है. आलम ये है कि कर्ज लेने के लिए पाकिस्तान को अपने 6 मंत्रालयों पर ताला लगाना पड़ा और करीब डेढ़ लाख नौकरियां खत्म करनी पड़ी. नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से हुए करार के तहत रविवार को प्रशासनिक खर्चों को कम करने के लिए लगभग डेढ़ लाख सरकारी पदों को खत्म करने, पाकिस्तान ने सात अरब अमेरिकी डॉलर के कर्ज के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ हुए करार के तहत सुधारों को अपनाने पर सहमति जताई है. आईएमएफ ने 26 सितंबर को पाकिस्तान के लिए आर्थिक सहायता पैकेज को अंततः मंजूरी दे दी थी.



### आईएमएफ ने एक अरब अमेरिकी डॉलर दिए

खर्चों में कटौती करने, सकल घरेलू उत्पाद में कर के अनुपात को बढ़ाने, कृषि और रियल स्टेट जैसे गैर-परंपरागत क्षेत्रों पर कर लगाने, कुछ राजकोषीय जिम्मेदारियों को प्रांतों को सौंपने और सब्सिडी सीमित करने के प्रति पाकिस्तान के प्रतिबद्धता जताने पर आईएमएफ ने पहले चरण के तहत एक अरब अमेरिकी डॉलर की राशि उसके लिए जारी कर दी.

अमेरिका से लौटने पर मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने कहा कि आईएमएफ के साथ एक कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया है।


जो पाकिस्तान के लिए आखिरी कार्यक्रम होगा. उन्होंने कहा, हमें यह साबित करने के लिए अपनी नीतियों को लागू करने की जरूरत है कि यह आखिरी कार्यक्रम होगा. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जी20 में शामिल होने के लिए अर्थव्यवस्था में सुधार करना होगा.

मंत्री ने मंत्रालयों के आकार को सही करने की बात कही और छह मंत्रालयों को बंद करने का निर्णय लागू किया जाना तय है, जबकि दो मंत्रालयों का विलय किया जाएगा. औरंगजेब ने कहा, इसके अलावा, विभिन्न मंत्रालयों में 150,000 पद समाप्त किए जाएंगे.ह्व आईएमएफ ने 26 सितंबर को सहायता पैकेज पर सहमति व्यक्त की थी और पहले चरण के रूप में 1 अरब डॉलर भी जारी किए थे.

**अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही** : एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल करीब 3 लाख नए करदाता थे और इस साल अब तक 7.32 लाख नए करदाता पंजीकृत हुए हैं, जिससे करदाताओं की कुल संख्या 1.6 मिलियन से बढ़कर 3.2 मिलियन हो गई है. मंत्री ने यह भी दावा किया कि अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है ।

# अमेरिकी चुनाव से पहले जेडी वेंस और वॉल्ज आखिरी बार आमने-सामने

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति का अगले महीने चुनाव होना है। इस बार मुकाबला पूर्व राष्ट्रपित डोनाल्ड ट्रंप



और मौजूदा उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच है। दोनों के बीच पिछले महीने प्रेसिडेंशियल डिबेट हो चुकी है। जिसमें कमला हैरिस ने बढ़त बनाई थी। अब रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस और टिम वाल्ज के बीच 1 अक्टूबर को वाइस प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई। डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच 10 सितंबर को हुई दिलचस्प डिबेट के बाद आज रात को जेडी वेंस और टिम वाल्ज ने डिबेट को दौरान जमकर एक दूसरे पर हमला बोला।

# ब्राजील में 'एक्स' के बैंक खातों को अनब्लॉक करने का आदेश, पांच मिलियन डॉलर जुर्माना भरने पर सहमत मस्क

**ब्रसीलिया ।** ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के बैंक खातों अनब्लॉक करने का आदेश दिया। इसके साथ ही एक्स को पांच मिलियन डॉलर ( 41 करोड़ रुपये से अधिक ) का जुमार्ना देना होगा। न्यायाधीश अलेक्जेंड्रे डी मोरेस के इस फैसले के बाद से ही ब्राजील में एक्स के निलंबन को हटाने का मार्ग प्रशस्त हो गया। दरअसल, एक जज और एलन मस्क के बीच दुष्प्रचार को लेकर गतिरोध के कारण 31 अगस्त से यहां एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।



एलन मस्क द्वारा दक्षिणपंथी अकाउंट्स को हटाने से इनकार करने और देश में एक नए कानूनी प्रतिनिधि का नाम बताने में विफल रहने के बाद मोरेस ने एक्स को बंद करने का आदेश दिया था। अपने नए आदेश में न्यायाधीश मोरेस ने ब्राजील के सेंट्रल बैंक एक्स के बैंक अकाउंट को अनब्लॉक करने को कहा, जिससे कि जुमार्ने का भुगतान किया जा सके। एक्स ने कहा था कि वह 5.2 मिलियन डॉलर ( 43 करोड़ रुपये से ज्यादा ) का भुगतान करने के लिए तैयार है।

बता दें कि जज मोरेस ब्राजील में दुष्प्रचार पर रोक लगाने के अपने अभियान को लेकर टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क के साथ लंबे समय से बहस जारी है, लेकिन दोनों के बीच यह बहस अब एक उच्च-स्तरीय झगड़े में बदल गया है। प्रतिबंध लगने से पहले तक ब्राजील में एक्स के 22 मिलियन फॉलोअर्स थे। ब्राजील में फिर से सक्रिय होने के लिए एक्स ने अदालत की शर्तों को मानना शुरू कर दिया था।

मस्क लगातार सोशल मीडिया पोस्ट पर जज मोरेस को घेर रहे हैं। उन्होंने मोरेस को एक दुष्ट तानाशाह बताया और हैरी पॉर्टर सीरीज के खलनायक वोल्डेमॉर्ट का नाम दिया।

# पूर्वी यूक्रेन के वुहलेदर कस्बे से पीछे हटे सुरक्षा बल, यूक्रेनी सेना ने की घोषणा

**कीव ।** यूक्रेनी सेना ने बुधवार को कहा कि वह दो साल से अधिक समय से जारी संघर्ष के बाद पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र के वुहलेदर कस्बे से पीछे



हट रही है। एसोसिएटेड प्रेस ने यह जानकारी दी।

'कीव इंडिपेंडेंट' की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी बलों ने दोनेत्स्क क्षेत्र के वुहलेदर कस्बे से पीछे हटने का फैसला लिया है। सेना के खोर्तित्सिया समूह ने एक बयान में कहा कि हाई कमान ने सैन्य कर्मियों और हथियारों को बचाने के लिए वुहलेदर से इकाइयों को पीछे हटने को कहा है।

वुहलेदर, दोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण था। पिछले दो वर्षों से यूक्रेन की 72वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड इसकी रक्षा कर रही थी। रूसी बलों ने 2022 में हमले शुरू करने के बाद से इस कस्बे पर कब्जा करने की कोशिश की है। हाल के हफ्तों में वुहलेदर पर कई हमले हुए। रूसी बलों ने इसे घेरने की कोशिश की। स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की कि रूसी सैनिक एक अक्तूबर को वुहलेदर में घुस चुके हैं और लड़ाई जारी है। कस्बे पर नियंत्रण के लिए रूस ने भेजे रिजर्व सैनिक'

रिपोर्ट में सेना के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि रूस ने इस कस्बे पर नियंत्रण पाने के लिए अपने रिजर्व सैनिक भेजे।

रूस की कार्रवाइयों के चलते कस्बे की घेराबंदी का खतरा था। वुहलेदर, दोनेत्स्क से करीब पचास किलोमीटर दक्षिण पश्चिम और जपोरिजिया क्षेत्र की प्रशासनिक सीमा से करीब 40 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। दोनेत्स्क पर अभी रूस का नियंत्रण है।

# 'गाजा संघर्ष विराम ठंडे बस्ते में, 'दो-देश समाधान' भी जल्द नहीं होने वाला', इस्राइली रक्षा विशेषज्ञ का दावा

**यरुशलम ।** गाजा युद्ध का दंश झेल रहे पश्चिम एशिया के एक और मोर्चे पर वार-पलटवार तेज हो गया है। हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला के मारे जाने के बाद ईरान ने मंगलवार रात इस्राइल पर 200 से अधिक मिसाइलें दाग दीं। इससे दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। इन सबके बीच, इस्राइल के रक्षा विशेषज्ञ ब्रिगेडियर जनरल (रेस) योसी कुपरवासर का मानना है कि गाजा में संघर्ष विराम की पेशकश अब ठंडे बस्ते में है और 'दो-देश समाधान' भी जल्द नहीं होने वाला।

### कौन हैं कुपरवासर

ब्रिगेडियर जनरल (रिजर्व) कुपरवासर जेरूसलम सेंटर फॉर सिक्योरिटी एंड फॉरेन अफेयर्स में एक वरिष्ठ शोधकर्ता हैं। वह आईडीएफ सैन्य खुफिया में अनुसंधान प्रभाग के पूर्व प्रमुख और इस्राइल के रणनीतिक मामलों के मंत्रालय के महानिदेशक रह चुके हैं। ईरान को वास्तविक आकार में वापस लाने की आवश्यकता पर जोर कुपरवासर ने एक इंटरव्यू में इस बात पर प्रकाश डाला कि इस्राइल का उद्देश्य गाजा के साथ-साथ लेबनान का नेतृत्व बदलना है। साथ ही संघर्ष में किसी भी समाधान को हासिल करने के लिए ईरान को उसके वास्तविक आकार में वापस लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा, 'एक वास्तविक समाधान यह है कि हमास और इसके सभी संगठनों को गाजा की सत्ता से हटा दिया जाए, लेबनान में नए हालात पैदा हों, जहां लेबनानी राष्ट्र अपने क्षेत्र



में बल प्रयोग के एकाधिकार का स्वामी बन जाए, जो कि अभी नहीं है। जब ईरान अपने वास्तविक आकार में वापस आ जाएगा और एक शक्ति बनना शुरू कर देगा। मध्य पूर्व में एक महाशक्ति बन जाएगा और ईरान में जीवन की स्थिति में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, तो ईरानी मध्य पूर्व में अपना आधिपत्य स्थापित नहीं करेंगे।'

पूर्व सैन्य खुफिया अधिकारी ने आगे कहा कि इस्राइल ने गाजा में हमास नेतृत्व को बदलने की योजना बनाई है और लेबनान के संदर्भ में उत्तरी सीमा में अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, 'हम गाजा में सरकार को बदलने और हमास के स्थान पर किसी और को रखने की योजना बना रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करने की योजना बना रहे हैं कि उत्तरी सीमा से लगे हमारे नागरिक जब अपने घरों में वापस आएं तो सुरक्षित महसूस कर सकें।'

रक्षा विशेषज्ञ ने कहा, 'हम चाहते हैं कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय समुदाय ईरान को उसके वास्तविक आकार में वापस लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए, जिससे मध्य पूर्व की संपूर्ण स्थिरता को खतरा न हो। यही हमारी योजना है।'

गौरतलब है, हमास ने बीते साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमला कर दिया था। इस आतंकवादी हमले में 12 सौ लोग मारे गए थे और लगभग ढाई सौ लोगों को बंधक बनाया गया था। हमास के जिस समूह ने इस्राइल पर हमला किया था, उसका नेतृत्व याह्या सिनवर ने ही किया था। इसके बाद इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई की, जो अभी भी जारी है। अब तक फलस्तीन में 35 हजार लोगों की मौत हो चुकी है।

### अमेरिका पर क्या बोले अधिकारी?

यह पूछे जाने पर कि नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों के साथ संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में नेतृत्व परिवर्तन होने पर इस्राइल की रणनीति में बदलाव होगा, कुपरवासर ने कहा कि इस्राइल के लिए अमेरिकी समर्थन में कोई बदलाव नहीं होगा।

# क्लाउडिया शेनबाम मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं, सामने हैं कई चुनौतियां
## 200 वर्षों के इतिहास में पहली महिला राष्ट्रपति बनीं

**मेक्सिकोसिटी ।** क्लाउडिया शेनबाम ने मंगलवार को मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। वह स्वतंत्र मेक्सिको के 200 वर्षों के इतिहास में पहली महिला राष्ट्रपति बनी हैं। इस दौरान उन्होंने अपने पूर्ववर्ती द्वारा लागू की गईं लोकप्रिय नीतियों को संरक्षित करने और गरीबों के लिए सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क का विस्तार करने का वादा किया है। लेकिन, उन्हें कई दबाव वाली समस्याओं का सामना करना होगा, जिनमें उच्च हिंसा दर, धीमी अर्थव्यवस्था और तूफान से प्रभावित शहर अकापुल्को शामिल हैं।



पूर्व राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने छह साल पहले पदभार संभालते हुए कहा था, 'सभी के लिए अच्छा, पहले गरीबों के लिए' और अपने पूर्ववर्तियों की नीतियों से ऐतिहासिक बदलाव का वादा किया था। लेकिन, वैज्ञानिक से राजनेता बनीं 62 वर्षीय शेनबाम ने सत्ता में निरंतरता का वादा किया है।

शेबनाम ने लोपेज ओब्राडोर की विरासत को संरक्षित करने का वादा किया है, जिसमें गरीबों के लिए अधिक समर्थन और घरेलू सुरक्षा में सैन्यीकरण शामिल है। लेकिन कई मेक्सिकन उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही लोपेज ओब्राडोर की बड़ी छाया से बाहर निकलेंगी।

लोपेज ओब्राडोर के विपरीत, शेनबाम एक अलग व्यक्तित्व हैं। राजनीतिक विश्लेषक कार्लोस पेरेज रिकार्ट ने कहा, 'लोपेज ओब्राडोर एक अत्यधिक आकर्षक राष्ट्रपति थे, और अक्सर उनका आकर्षण कुछ राजनीतिक गलतियों को छिपाने में मदद करता था जो क्लाउडिया शेनबाम के लिए संभव नहीं होगा।'

शेनबाम को एक आसान स्थिति नहीं मिली है। उनकी पहली यात्रा राष्ट्रपति के रूप में तूफान से प्रभावित शहर अकापुल्को में होगी। तूफान जॉन ने पिछले सप्ताह अकापुल्को के आसपास के तट पर चार दिनों तक भारी बारिश की, जिसके चलते 17 से अधिक लोगों की मौत हो गई। अकापुल्को पहले से ही पिछले साल तूफान ओटिस से प्रभावित था और अब तक वही स्थिति बनी हुई है।

शेनबाम को उत्तरी शहर कुलियाकान में हिंसा की समस्या का भी सामना करना होगा, जहां सिनालोआ कार्टेल के भीतर गुटीय लड़ाई चल रही है। लोपेज ओब्राडोर ने मेक्सिको के ड्रग कार्टेल का सामना करने से परहेज किया है, और गिरोहों से अपील की है कि वे आपस में शांति बनाए रखें। लेकिन इस रणनीति की सीमाएं कुलियाकान में स्पष्ट हो गई

कि लड़ाई केवल तभी समाप्त होगी, जब कार्टेल मालिक इसे समाप्त करने का निर्णय लेंगे।

# एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन के बीच बैठक, पश्चिम एशिया में तनाव सहित अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**वॉशिगटन ।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के बीच वाशिंगटन डीसी में बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान हुई द्विपक्षीय बैठकों का अनुसरण किया। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के अलावा, द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने, इंडो-पैसिफिक और यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा की।



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने संबोधन में डेयावेयर क्वाड बैठक के लिए एंटनी ब्लिंकन का धन्यवाद किया। एस जयशंकर ने कहा, 'सबसे पहले मैं आपको डेलावेयर में पीएम मोदी और राष्ट्रपति बाइडन के बीच एक बहुत अच्छी क्वाड बैठक के लिए आपको धन्यवाद देकर शुरूआत करना चाहता हूं। मैं आज हमारी चचाओं की प्रतीक्षा कर रहा हूं। द्विपक्षीय पक्ष पर हमने अपनी पिछली बैठक के बाद से बहुत कुछ किया है। लेकिन चर्चा के लिए वैश्विक मुद्दे भी हैं।'

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने वैश्विक मंच पर शांति और स्थिरता के लिए भारत की भूमिका की तारीफ की।

ब्लिंकन ने कहा, 'हमने हाल के सप्ताहों में संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत को जोड़ने वाली साझेदारी के पीछे की अविश्वसनीय जीवंतता और ताकत देखी है। हमारे यहां क्वाड बैठक के लिए पीएम मोदी थे, साथ ही राष्ट्रपति बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी हुई।

उस मुलाकात की गर्मजोशी और रिश्ते में महत्वाकांक्षा उस स्तर पर है, जो हमने पहले कभी नहीं देखी। यह उस मूल्य का प्रतिबिंब है जो दोनों देश इस साझेदारी को देते हैं। भारत वैश्विक मंच पर शांति और स्थिरता के लिए काम करते हुए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमारे लिए कई मुद्दों का जायजा लेने का एक अच्छा अवसर है। हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'

इसके बाद, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एंटनी ब्लिंकन के साथ विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई बैठक के बारे में जानकारी दी।

# मेयर सुनीता दयाल के जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाए देने पहुंचे गणमान्य



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल के जन्मदिन पर उन्हे बधाई शुभकामनाएं देने के लिए शहर के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने मेयर सुनीता दयाल की लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना की।

# महाराजा सूरजमल जागरूक समिति के 5 वें स्थापना दिवस पर 'युवा सम्मान समारोह' का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाराजा सूरजमल जागरूक समिति के 5वें स्थापना दिवस पर बुधवार को एम्बोसिया पैलेस, वैशाली में सर्व समाज के युवाओं का एक 'युवा सम्मान समारोह' का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सोसाइटी में युवाओं के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनको समिति ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ में महिला संगठन व एनजीओ को भी उनके द्वारा सोसाइटी में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया। कुछ युवा खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस समारोह में भारी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारयण चौधरी (कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार व आशु वर्मा, पूर्व महापौर) ने युवाओं का मनोबल बढ़ाया व उनका समाज व देश हित में कार्य के लिए मार्गदर्शन किया। इस शुभ अवसर पर मीडिया बंधुओं को भी सम्मानित किया गया। संगठन



ने वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल के बलिदान भवन बनाने के लिए मंत्रीजी से कहा। मंत्रीजी ने बलिदान भवन बनाने के लिए पूर्ण आश्वासन दिया। महाराजा सूरजमल का बलिदान हिंडन नदी के किनारे हुआ था। महाराजा सूरजमल जागरूक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन चौधरी, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संदीप चौधरी व मीडिया प्रभारी देवेंद्र मलिक ने कार्यक्रम के बाद कहा इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में समिति द्वारा होते रहेंगे जिससे युवाओं का मनोबल बढ़ता रहे और वह सही दिशा में कार्य करते रहें।

# श्रीराम के भजनों के साथ श्रीराम कथा में बाल स्वरूप से राम भक्त हुए अभिभूत

## अनिल अग्रवाल सावरिया ने भव्य पावन रामकथा का आयोजन कराकर दिया सकारात्मक धार्मिक सांस्कृतिक संदेश







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हिंदी भवन में बुधवार को श्रीराम कथा का आयोजन हुआ। कथा के आयोजक अनिल अग्रवाल सावरिया, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल, आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा और डॉ. कविता अस्थाना ने दीप प्रज्वलन कर रामकथा का शुभारंभ किया। आयोजकों द्वारा कथावाचक डॉ. कविता अस्थाना का तिलक वंदन कर स्वागत अभिनंदन किया गया। डॉ. पवन सिन्हा तथा डॉ. कविता अस्थाना द्वारा श्रीराम लला के बालस्वरूप की कथा को बेहद रोचक और जानकारी परक तरीके से बताया गया।

डॉ. कविता अस्थाना ने श्रीराम जी के बाल जीवन के हर सूक्ष्म से सूक्ष्म रहस्यों को उजागर करते हुए श्रीराम कथा प्रारंभ की और यह बताया कि मेरी इस कथा का आधार श्री वाल्मीकि कृत रामायण है ना कि श्री तुलसी द्वारा रचित रामचरित मानस। रामकथा में नन्हें रामभक्त यदुराज के ह्यभाई रे सो गुरु सत्य कहावे कोई नैनन अलख लगा भजन ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, एमएलसी दिनेश गोयल, समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता, पूर्व मेयर आशा शर्मा, अजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे। रामकथा के समापन पर श्रीराम कथा के आयोजन अनिल अग्रवाल सांवरिया, अनिल गर्ग, विनिता अग्रवाल, कमलेश गर्ग, प्रेरणा गर्ग, गौरव गर्ग ने सभी का अभार व्यक्त किया।

